E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5



PG-8

सिनेमाः गिल्टी माइंड्स' की एक्ट्रेस श्रिया पिलगांवकर ने कहा

वर्ष -08 अंक -45 | प्रयागराज, शनिवार 23 अप्रैल, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### सीबीआई ने सत्यपाल मलिक के रिश्वतखोरी के आरोपों पर दर्ज की दो एफआईआर, देश भर में 14 जगहों पर छापेमार कार्रवाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को छह राज्यों में छापे मारे और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों पर दो प्राथमिकी दर्ज कीं। करीब छह महीने पहले, मलिक ने एक जनसभा में आरोप लगाए थे कि उन्हें सरकारी कर्मचारियों के लिए समूह चिकित्सा बीमा योजना और राज्य के किरू जलविद्युत परियोजना से संबंधित काम से संबंधित दो फाइलों को निपटाने के लिए 300 करोड़ रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई थी। राज्य। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आरोपों की प्रारंभिक जांच के बाद, उन्होंने मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की हैं और छह राज्यों में 14 स्थानों पर छापे मारे गए हैं। इस छापेमार कार्रवाई के दौरान एक सेवारत आईएएस अधिकारी और चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (सीवीपीपीपीएल) के तीन पूर्व अधिकारियों से जुड़े परिसरों की तलाशी ली गई।

### जम्मू के सुंजवां में आतंकियों से मुठभेड़ में एक जवान शहीद चार घायल; दो दिनों के बाद होना है पीएम मोदी का दौरा

**जम्मू।** जम्मू के सुंजवां इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों के छुपे होने की सूचना के बाद, रात में उन्होंने इलाके की घेराबंदी की थी। पुलिस और आतंकियों के बीच फायरिंग जारी है। जिसमें सुरक्षा बलों का एक जवान शहीद हो गया है, जबकी चार अन्य जवान घायल हैं। पुलिस के मुताबिक इलाके में अभी मुठभेड़ जारी है, आशंका है कि आतंकवादी किसी घर में छुपे हुए हैं। गौरतलब है कि पंचायती राज दिवस के मौके पर 24 अप्रैल, रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जा रहे है। वो राज्य के पल्ली से देश की पंचायतों को संबोधित करेंगे।

## कौन होगा कांग्रेस का अगला अध्यक्ष जल्द होंगे संगठनात्मक चुनाव, पार्टी में 6 करोड़ से अधिक हैं सदस्य

**नई दिल्ली।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के जल्द कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें हैं। कांग्रेस प्रशांत किशोर के प्रस्तावों पर विचार भी कर रही है। इसी बीच कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। चुनाव से पहले कांग्रेस ने सदस्यता अभियान चलाया था, जिसमें 6 करोड़ से अधिक सदस्य बने हैं। ये सदस्य पार्टी का नया अध्यक्ष चुनेंगे। एएनआइ से बात करते हुए कांग्रेस केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री ने कहा, 'पार्टी ने अपना सदस्यता अभियान पूरा कर लिया है, जिसमें करीब 6 करोड़ लोगों ने सदस्यता ली है। लगभग 2.6 करोड़ सदस्यों को डिजिटल सदस्यता के माध्यम से नामांकित किया गया था। सदस्यता कागजों के माध्यम से भी हो चुकी है, इसलिए कुछ दिनों में कुल संख्या को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।



15 अप्रैल तक इसके 6 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है।' इन चुनावों में वो ही सदस्य हिस्सा ले पाएंगे जिनका नामांकन 15 अप्रैल तक हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव प्राथमिक स्तर से शुरू होंगे और फिर बूथ समिति चुनाव, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर के चुनाव होंगे। उन्होंने कहा, 'इसके लिए हमने देश भर में 756 जिला रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए हैं। हम कांग्रेस कार्य समिति द्वारा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार ठीक चल रहे हैं। सितंबर 2022 तक पार्टी को एक नया निर्वाचित अध्यक्ष मिल जाएगा।' अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राहुल गांधी पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेंगे या नहीं। गौरतलब है कि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में हार के बाद राहुल गांधी ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। राहुल को दिसंबर 2017 में निर्विरोध कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया था। राहुल के इस्तीफे के बाद कांग्रेस कार्यसमिति ने सोनिया गांधी को अंतरिम अध्यक्ष बनाया था।

## दिवस पर बोले अमित शाह, आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार ने अपनाई जीरो टॉलरेंस की नीति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को 13वें राष्ट्रीय जांच एजेंसी दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी और निशीथ प्रमाणिक भी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली



में अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में हुआ था। इस दौरान अमित शाह ने अपना संबोधन दिया। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और इस खतरे को भारत से जड़ से खत्म करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में टेरर फंडिंग के खिलाफ दर्ज मामलों ने वहां आतंकवाद को रोकने में काफी मदद की। आतंकवाद मानवाधिकार उल्लंघन का सबसे बड़ा रूप है। उन्होंने कहा, 'एनआइए की जांच इस प्रकार के अपराधों में होती है जहां साक्ष्य मिलना मुश्किल होता है, लेकिन इसके बावजूद आपने उपलब्धि प्राप्त की है जो प्रेरणा है। भारत सरकार आतंकवाद के विरुद्ध में जीरो टॉलरेंस की नीति बनाकर आगे बढ़ रही है। को भारत सरकार की ओर से कोई भी सहायता, किसी भी स्वरूप में अपेक्षित हो तो वो देने के लिए भारत सरकार प्रतिबद्ध है। गृहमंत्री ने कहा, 'जब भी आतंकवाद विरोधी अभियान होते हैं, कुछ मानवाधिकार समूह मानवाधिकारों का मुद्दा उठाते हैं, लेकिन मैं हमेशा मानता हूं कि आतंकवाद मानव अधिकारों के उल्लंघन का सबसे बड़ा कारण है। मानवाधिकारों की रक्षा के लिए आतंकवाद को जड़ से खत्म करना जरूरी है।

## एनसीपी नेता नवाब मलिक को बड़ा झटका, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की तत्काल रिहाई की याचिका

**नई दिल्ली।** मनी लांड्रिंग मामले में महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नवाब मलिक को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने नवाब मलिक की अंतरिम जमानत की मांग को ठुकरा



दिया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि वह इस स्टेज में मामले में दखल नही दे सकती है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने ये याचिका खारिज की है। बता दें कि इससे पहले बांबे हाईकोर्ट ने भी मलिक को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने 15 मार्च के अपने आदेश में कहा था कि विशेष मनी लांड्रिंग निरोधक कानून (पीएमएलए) अदालत का उन्हें हिरासत में भेजने का आदेश सिर्फ इसलिए अवैध या गलत नहीं हो जाता है कि वह उनके पक्ष में नहीं है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम से जुड़े मामले में गुरुवार को नवाब मलिक के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। ईडी के वकीलों ने कहा कि अदालत में 5000 पननें से अधिक का आरोप पत्र दाखिल किया गया है। उन्होंने कहा कि दाऊद इब्राहिम से जुड़े मामलों की विशेष अदालत दस्तावेजों के सत्यापन के बाद आरोपपत्र पर संज्ञान लेगी। मनी लांड्रिंग केस में जेल में बंद महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक को सुप्रीम कोर्ट से झटका। सुप्रीम कोर्ट ने नवाब मलिक की अंतरिम जमानत की मांग ठुकराई। कोर्ट ने कहा इस स्टेज में मामले में दखल नही दे सकते। हाईकोर्ट ने भी मलिक को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।गौरतलब है कि नवाब मलिक को ईडी ने दाऊद इब्राहिम से जुड़े मनी लान्ड्रिंग मामले में 23 फरवरी को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं।

## ग्लोबल मेक इन इंडिया रक्षा कार्यक्रम के तहत देश में ही बनेंगे विदेशी कंपनियों के लड़ाकू विमान, सरकार का रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर

**नई दिल्ली।** भारत सरकार रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर दे रही है। इसके लिए बाय ग्लोबल मेक इन इंडिया रक्षा कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। यह देश के भीतर विदेशी हथियार प्रणालियों के अधिग्रहण और उनके उत्पादन



को सुगम बनाने के लिए रक्षा उपकरणों की खरीद प्रक्रिया की एक श्रेणी है। वर्ष 2020 में इस श्रेणी को मंजूरी दी गई थी पिछले दिनों 114 मल्टी रोल लड़ाकू विमान (एमआरएफए) के निर्माण के लिए टेंडर दिया गया था। अब वायुसेना का जोर है कि इन विमानों का निर्माण 'बाय ग्लोबल मेक इन इंडिया' रूट से ही हो। इन 114 एमआरएफए विमान के शामिल होने के बाद उत्तरी और पश्चिमी मोर्चे पर भारत की ताकत और बढ़ेगी। एफ-18, एफ-15 और एफ-21 (एफ-16 का संशोधित संस्करण) सहित तीन अमेरिकी कंपनियों, रूसी कंपनी मिग -35 और एसयू-35 सहित फ्रांस की राफेल, स्वीडिश साब ग्रिपेन और यूरोफाइटर टाइफून कंपनी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकती हैं। भारतीय वायु सेना ने अधिग्रहण प्रक्रिया पर इन कंपनियों के विचार भी मांगे थे। उनमें से अधिकांश ने ग्लोबल मेक इन इंडिया रूट के लिए प्राथमिकता दिखाई है। सूत्रों ने कहा कि बल ने परियोजना पर सरकार से निर्देश मांगा है कि वह आगे की कार्रवाई के लिए रक्षा मंत्रालय से मंजूरी के लिए कब अनुरोध कर सकता है। सूत्रों ने कहा कि राफेल लड़ाकू विमान के दो स्क्वाड्रन साथ पूरी तरह से सक्रिय हैं। डिलीवरी के लिए केवल एक विमान बचा है।

## अमेरिकी सांसद इल्हान उमर के गुलाम कश्मीर दौरे से भारत नाराज, बागची ने यात्रा को संकीर्ण मानसिकता की राजनीति बताया

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सदस्य इल्हान उमर की गुलाम कश्मीर यात्रा की निंदा करते हुए कहा कि यह उनकी संकीर्ण मानसिकता की राजनीति को दर्शाता है पत्रकारों से बात करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुलाम कश्मीर का दौरा करने के लिए उमर की



आलोचना की। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि उमर ने भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के एक हिस्से का दौरा किया है, जो इस समय पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि अगर ऐसी राजनेता अपनी संकीर्ण मानसिकता वाली राजनीति करना चाहती हैं..तो यह उनका अपना काम हो सकता है। लेकिन हमें लगता है कि यह यात्रा निंदनीय है। बागची से उमर के गुलाम कश्मीर दौरे पर टिप्पणी करने को कहा गया था। गौरतलब है कि उमर इस समय पाकिस्तान की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री पद से इमरान खान की विदाई के बाद किसी अमेरिकी सांसद की यह पहली पाकिस्तान यात्रा है। अफगानिस्तान में हाल के आतंकी हमलों पर एक प्रशन के उत्तर में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत उस देश के घटनाक्रम पर नजर रख रहा है। बागची ने कहा, हमने कुछ आतंकी हमले देखे हैं। हम हमेशा आतंकी हमलों की निंदा करते रहे हैं। मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि हम निश्चित रूप से सभी आतंकी हमलों की निंदा करते हैं।

## राष्ट्रपति भवन पहुंचने पर पीएम मोदी ने किया जानसन का स्वागत ब्रिटिश पीएम बोले- थैंक्यू

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन दो दिवसीय भारत दौरे पर हैं। ब्रिटिश पीएम गुरुवार को अहमदाबाद पहुंचे थे। शुक्रवार को वह पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे। जानसन दिल्ली पहुंच चुके हैं। इस दौरान 100 अरब रुपये के निवेश के करार होने की उम्मीद जताई जा रही है। ब्रिटिश पीएम शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति भवन पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से उन्होंने कहा, 'शानदार स्वागत के लिए धन्यवाद। मुझे नहीं लगता कि चीजें हमारे बीच कभी उतनी मजबूत या अच्छी रही हैं जितनी अभी हैं।' इसके बाद जानसन ने राजघाट पर पुष्पांजलि अर्पित की और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। बताया जा रहा है कि दोनों प्रधानमंत्रियों के



बीच रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को लेकर भी बातचीत की संभावना है। यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बदलती वैश्विक व्यवस्था और वैश्विक अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलाव को देखते हुए भारत और ब्रिटेन किस तरह से अपने द्विपक्षीय रिश्तों को आगे बढ़ाएं, यह इन नेताओं के बीच होने वाली वार्ता का एक अहम हिस्सा होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ जानसन की बातचीत का मुख्य फोकस हिंद-प्रशांत की स्थिति पर होगा क्योंकि ब्रिटेन इस क्षेत्र में किसी भी तरह की जबरदस्ती का कड़ा विरोध करता है।

## केरल मातृत्व में अव्वल, यूपी, एमपी सहित देश के कई राज्यों में मातृ मृत्यु अनुपात बेहद चिंताजनक, जानिए अन्य राज्यों का हाल

**नई दिल्ली।** देश में केरल राज्य शिक्षा के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर शीर्ष पर आ गया है। केरल राज्य में देश में सबसे कम मातृ मृत्यु अनुपात है। राज्य में 30 प्रति एक लाख जीवित जन्म दर्ज किया गया है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 2017-19 की अवधि के लिए भारत का मातृ मृत्यु अनुपात सुधर कर 103 हो गया है। केरल का मातृ मृत्यु अनुपात 42 से गिरकर 30 हो गया है। केरल ने वर्ष 2020 में ही एमएमआर के संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों को हासिल कर लिया है। मातृ मृत्यु अनुपात को प्रति 1,000,00 जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु की संख्या के रूप में परिभाषित किया गया है। ऐसे में सवाल उठता कि देश के अन्य राज्यों में मातृ मृत्यु अनुपात क्या है। देश के वह पांच राज्य जिन्होंने इस दिशा में बेहतरीन काम किया है। इसके साथ यह भी जानेंगे कि कौन से राज्य इस लक्ष्य को हासिल करने में अभी पीछे रह गए हैं। किन कारणों से ये राज्य मातृ मृत्यु अनुपात में पीछे रह गए हैं। 1- केरल, तेलंगाना और महाराष्ट्र भारत में सबसे कम एमएमआर वाले शीर्ष तीन राज्यों में शामिल हैं। पश्चिम बंगाल, हरियाणा, उत्तराखंड और



छत्तीसगढ़ में मातृ मृत्यु अनुपात खराब हो गया है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार में मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) में काफी सुधार हुआ है। सतत् विकास लक्ष्य हासिल करने वाले राज्यों की संख्या अब पांच से बढ़कर सात हो गई है। इसमें प्रमुख रूप से केरल (30), महाराष्ट्र (38), तेलंगाना (56), तमिलनाडु (58), आंध्र प्रदेश (58), झारखंड (61) और गुजरात (70) है। केरल ने सबसे कम एमएमआर दर्ज किया है, जो केरल को राष्ट्रीय एमएमआर 103 से आगे रखता है। केरल के मातृ मृत्यु दर में 12 अंक की गिरावट आई है। 2- देश में अब नौ राज्य ऐसे हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति द्वारा निर्धारित एमएमआर लक्ष्य को हासिल कर लिया है, जिसमें उपरोक्त सात और कर्नाटक (83) एवं हरियाणा (96) शामिल हैं। उत्तराखंड (101), पश्चिम बंगाल (109), पंजाब (114), बिहार (130), ओडिशा (136) और राजस्थान (141) में एमएमआर 100-150 के बीच है, जबकि छत्तीसगढ़ (160), मध्य प्रदेश ( 163), उत्तर प्रदेश (167) तथा असम (205) का एमएमआर 150 से ऊपर है। उत्?तर प्रदेश मातृ मृत्यु दर के मामले में दूसरे पायदान पर है। यहां 2017-19 के बीच एमएमआर 167 रही है। वहीं 2016-18 में मातृ मृत्यु दर 197 थी, जबकि 2015-17 में मातृ मृत्यु दर 229 थी। मध्य प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 2017 से 2019 तक 163 रही। वहीं 2016 से 2018 तक 173 और 2015 से 2017 तक 188 है। छत्तीसगढ़ में मातृ मृत्यु दर 2017-2019 तक 160, 2016 से 2018 तक 159 और 2015 से 2017 तक 141 तक रही है। राजस्थान में मातृ मृत्यु दर 2017 से 2019 तक 141, 2016 से 2018 तक 164 और 2015 से 2017 तक 186 रही है। बिहार में मातृ मृत्यु दर 2017 से 2019 तक 130, 2016 से 2018 तक 149 और 2015 से 2017 तक 165 रही। पंजाब में मातृ मृत्यु दर 2017 से 2019 तक 114, 2016 से 2018 तक 129 और 2015 से 2017 तक 122 रही। उत्तराखंड में मातृ मृत्यु दर 2017 से 2019 तक 101, 2016 से 2018 तक 99 और 2015 से 2017 तक 89 रही। हरियाणा में मातृ मृत्यु दर 2017 से 2019 तक 99, 2016 से 2018 तक 91 और 2015 से 2017 तक 98 रही। 1- डा. सची सिंह (प्रसूति विज्ञानी एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ, प्रकाश हास्पिटल, नोएडा ) ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में मातृ मृत्यु अनुपात एक लंबी खाई है। उन्होंने कहा कि जहां कुछ राज्यों ने इस दिशा में बेहतर कार्य किया है, वहीं कुछ राज्य पीछे रह गए हैं। डा. सची सिंह ने कहा कि यह कई बातों पर निर्भर करता है। मसलन उस राज्?य के शिक्षा के स्तर क्या है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों ने इस लक्ष्य को हासिल करने में सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य आधार शिक्षा है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित समाज में जागरूकता का स्तर बड़ा होता है, इसका असर मातृ मृत्यु दर पर पड़ता है। 2- उनका कहना है कि यह लक्ष्य कठिन जरूर है पर संभव है। मोदी सरकार जिस संकल्प से काम कर रही है, उससे वह दिन दूर नहीं जब हम अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल होंगे। उनका मानना है कि मोदी सरकार के आने के बाद वर्ष 2016 के बाद इस दिशा में विशेष कदम उठाए गए। 2016 में शुरू किया गया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के बाद वर्ष 2017 में लेबर रूम क्वालिटी इम्प्रूवमेंट इनिशिएटिव शुरू की गई। इसका मकसद लेबर रूम में मैटरनिटी आपरेशन थिएटर में देखभाल की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसके जरिए गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान और तत्काल बाद की अवधि में सम्मानजनक और गुणवत्तायुक्त देखभाल उपलब्ध है।



# प्रयागराज में किसी भी नई धार्मिक परम्परा की नही होगी शुरूआत, पुलिस प्रशासन का धर्मगुरुओं को निर्देश

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलाष गुप्ता

**प्रयागराज ।** मण्डलायुक्त संजय गोयल एवं एडीजी जोन प्रेम प्रकाश के द्वारा गुरूवार को गांधी सभागार में आपसी भाई-चारा एवं प्रेम सौहार्द को बनाये रखने के लिए विभिन्नधर्मों के धर्म गुरूओं के साथ बैठक की गयी। इस दौरान सभी ने कहा कि गंगा-यमुनी तहजीब हमेशा से कायम रही है और आगे भी कायम रहेगी। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने सभी धर्मों के धर्म गुरूओं से कहा कि किसी की स्वतंत्रता वहीं तक होती है, जहां तक उससे किसी दूसरे की स्वतंत्रता बाधित न हो। किसी की भावना को ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए, सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। सभी धर्मो का एक ही उद्देश्य है लोकहित एवं लोक कल्याण। मण्डलायुक्त ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दिया जाये। उन्होंने कहा कि विशेषकर युवाओं को जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी नई परम्परा की शुरूआत न की जाये साथ ही किसी भी आयोजन को करने से पहले उसकी अनुमति अवश्य ले ली जाये। उन्होंने कहा कि आयोजन के लिए दी जाने वाली अनुमति में जो भी शर्ते उल्लिखित रहती है, उसका पूर्ण रूप से पालन




किया जाये इस अवसर पर एडीजी जोन प्रेम प्रकाश ने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर ध्यान न देते हुए आपसी प्रेम सौहार्द एवं भाई-चारा बनाये रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि धर्म गुरूओं के द्वारा जो संदेश दिया जाता है, उसका समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। आईजी जोन राकेश सिंह ने भी आपसी भाई-चारा प्रेम व सौहार्द बनाये रखने में सभी धर्मों के धर्म गुरूओं से सहयोग की अपील की। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सर्तकता की जरूरत होती है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विभिनन्‍ धर्मों के धर्म गुरूओं से आपसी भाई-चारा एवं प्रेम सौहार्द बनाये रखने में सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर विभिनन्‍ धर्मों के धर्म गुरूओं के अलावा अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चौक से ग़ायब युवक की 3 हफ़्ते बाद मिली मिली लाश, पुलिस अंधेरे में, परिजनों ने मांगा इंसाफ

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज ।** लोकनाथ मंदिर के पास से तीन हफ़्ते पहले अगवा हुए युवक की लाश गुरुवार को डमर्लगंज हाईवे के पास मिली। इस मामले में लाश की सूचना देने वाले



दो लोग हिरासत में लिए गए हैं। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने शुरुआत से ही आरोपी प्रतीक सारस्वत उर्फ़ मोनू सारस्वत के ख़िलाफ़ नामजद एफआईआर दर्ज कराना चाहा था। लेकिन पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया। एक हफ़्ते बाद आरोपी के ख़िलाफ़ मुक़दमा लिखा गया लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। जिसके कारण उनको यह दिन देखने को मिला। जानकारी के अनुसार रानीमंडी के रहने वाले जितेंद्र केसरवानी गाड़ी चलाते हैं। एक अप्रैल की रात उनका बेटा आदर्श केसरवानी अपने छोटे भाई विनायक के साथ बाबा लोकनाथ मंदिर के पास वीरेंद्र महाजन की दुकान पर सामान लेने गया था। इस दौरान आरोपी युवक ने आदर्श को बुलाया और अपने साथ लेता गया। भारती भवन के बाद से उसका पता नहीं चला। रात में उसका मोबाइल भी ऑफ हो गया। जितेंद्र के छोटे बेटे ने पूरी कहानी बताई। इसके बाद जितेंद्र ने कोतवाली पुलिस से मदद की गुहार लगाई। कोतवाली पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन इस प्रकरण में हफ़्ते भर तक कोई करवाई नहीं की गयी। परिजनों ने इंसाफ़ की गुहार लगाई है। इस मामले में कोतवाली पुलिस से सम्पर्क स्थापित नही हो पाया।

# मनरेगा द्वारा वरना नाले की खुदाई सफाई का बना खाका

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** वरुणा नाला अभिशाप या वरदान के तहत अर्सा कई वर्षो पूर्व वरुणा नाला जो कुछ गांव हेतु अभिशाप बना था। कुतुबपुर, मैलहन, उग्रसेनपुर, पिडौना,जंघई आदि फूलपुर हडिया, प्रतापपुर के दो दर्जन गांव में जल प्लावन की स्थिति वर्षा ऋतु में बन जाती थी। तत्कालीन अधिकारियों की पहल पर प्रतापगढ़ मऊआइमा तक का पानी दायम ताल से आने पर मैलहन क्षेत्र में जल प्लावन हो जाता था। सबसे ज्यादा दंश कुतुबपुर, जल्दीपुर, लतीफपुर झेलता था। साल भर जलजमाव से किसानों की खेती चौपट हो जाती थी। परंतु नाला की खुदाई से उक्त गांव को 2 जून की रोटी मिलने लगी। इधर दो-तीन साल से पूरा नाला जगह-जगह पट गया है। नए बीडीओ प्रवीण आनंद ने क्षेत्रीय प्रधानों के साथ बैठक कर नाला की खुदाई सफाई का खाका तैयार किया। जिसमें मनरेगा के तहत मनरेगा मजदूरों को काम भी मिलेगा और नाला अपने असली रूप में आ जाएगा। तब बढ़िया खेती होने की राह खुल जाएगी।



# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्या आएंगी 22 अप्रैल को

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार नई दिल्ली की सदस्या डा0 अंजू बाला जी दिनांक 22 अप्रैल को लखनऊ से प्रस्थान कर अपरान्ह 4.30 बजे निरीक्षण भवन पट्टी आयेंगी। अपरान्ह 5 बजे सदस्या जी निरीक्षण भवन पट्टी में उपजिलाधिकारी पट्टी तथा समाज कल्याण अधिकारी के साथ बैठक एवं चर्चा करेंगी। अपरान्ह 5.30 बजे ग्राम तरदहा पट्टी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी तथा अनुसूचित जाति के लोगों से वार्ता करेंगी। अपरान्ह 6 बजे सदस्या जी प्रतापगढ़ से लखनऊ के लिये प्रस्थान करेंगी।

# प्रयागराज थाना करेली संबंधित एरिया गौस नगर बिस्मिल्लाह चौराहा रोड पर एहसान ट्रेडर्स के प्लाट पर लगी आग

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज ।** मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची आग लगने का कारण एक लापरवाही बताया जा रहा है जोकि बांस बल्ली पटरा का कारोबार है जोकि लापरवाही के चलते एक बड़ा हादसा हो सकता था, जस्ट बगल में मोहम्मद काशिफ का मकान को काफी ज्यादा नुकसान हुआ मोहम्मद काशिफ का कहना है कि उनके घर में छोटे बच्चे और औरते काफी ज्यादा सहम गए,और एक बड़ा नुकसान हो सकता था,जिसके लिए मोहम्मद काशिफ आगे कार्यवाही कर सकते हैं,



# इलेक्ट्रिक चाक होगा निःशुल्क वितरण

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/जिला माटीकला अधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उ0प्र0 शासन द्वारा पोलीथीन से बनी हुई वस्तुओं को प्रतिबन्धित करने के कारण उ0प्र0 माटीकला बोर्ड का गठन किया गया है जिसके अन्तर्गत गांव में कुम्हारी कला की विधा से जुड़े हुये परम्परागत कारीगरों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक चाक का वितरण किया जाएगा।इच्छुक अभ्यर्थी जो कि कुम्हारी का कार्य करते है वे आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सिविल लाइन प्रतापगढ़ में दिनांक 30 अप्रैल 2022 तक जमा कर दें जिससे चयन की कार्यवाही कराकर लक्ष्य के सापेक्ष निःशुल्क इलेक्ट्रिक चाक वितरण किया जा सके।

# हर्ष फायरिंग के दौरान एक युवक की मौत तथा एक घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र में द्वारचार के दौरान अति उत्साहित एक युवक ने हर्ष फायरिंग कर दी। गोली लगने से एक युवक लहूलुहान होकर गिर पड़ा। उसे पहले स्थानीय फिर शहर के स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। उधर घटना के बाद ग्रामीणों ने फायरिंग करने के आरोपित को पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई भी कर दी । पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। फूलपुर थाना क्षेत्र के चकरा अलीपुर गांव में बुधवार रात एक घर में बरात आई थी। हसी खुशी के माहौल में नाचते-गाते बराती वधू के दरवाजे पर पहुंचे। द्वारचार की रस्म हो रही थी। इसी दौरान हर्ष फायरिंग की घटना हुई। हसी खुशी का माहौल गम में बदल गया। हर्ष फायरिंग के बाद वहां अफरा तफरी मची। प्रतापगढ़ जनपद के मानधाता थानांतर्गत गाजीपुर गांव के आशीष सिंह पुत्र मान सिंह की बरात फूलपुर के चकरा अलीपुर गांव में बुधवार रात आई थी। द्वारचार के दौरान बरात में शामिल सुभाष सिंह निवासी गाजीपुर फायरिंग करने लगा। इसके साथ में आए जितेंद्र सिंह (27) पुत्र अंबिका सिंह ने विरोध किया। इसी बीच सुभाष सिंह ने फिर फायरिंग कर दी, जिससे गोली जितेंद्र को लग गई और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। तो यह देखकर वहां मौजूद कुछ लोगों ने गोली चलाने वाले सुभाष सिंह को पकड़कर पिटाई करना शुरू कर दी। जितेंद्र सिंह को समीप के अस्पताल ले गए, जहां हालत नाजुक देखकर डाक्टरों ने स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले जाने को कहा। उसे स्वरूपरानी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। वहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। उधर द्वारचार के दौरान हुई हर्ष फायरिंग करने वाला सुभाष लोगों की पिटाई से अधमरा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे भी एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। फूलपुर इंस्पेक्टर अमित कुमार राय समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच-पड़ताल के बाद घटना के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि जितेंद्र तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह पिता के साथ खेती किसानी करता था। उसका अभी विवाह नहीं हुआ है ।



# अप्रेंटिसशिप मेले का किया गया आयोजन,250प्रशिक्षार्थी चयनित

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।**उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय आईटीआई परिसर में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा वृहद अप्रेंटिसशिप मेले का द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। अप्रेंटिसशिप मेले में 16 कम्पनियों के स्टाल लगाये गये जिसका निरीक्षण अतिथियों द्वारा किया गया।मेले में कम्पनियों द्वारा कुल 250 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। विधायक सदर ने प्रशिक्षार्थियों द्वारा बनायी गयी रंगोली की भूरि-भूरि प्रशंसा की। संस्थान के प्रशिक्षार्थियों द्वारा विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण के दौरान बनाये गये जॉब को प्रदर्शित किया जिसका अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया। संस्थान की छात्राओं द्वारा आये हुये अतिथियों का स्वागत गीत के माध्यम से सत्कार किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि वे भी स्वयं उद्यमी है एवं अपनी पढ़ाई के दौरान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रांगण में आकर प्रशिक्षण की महत्ता को समझते हुये अपने उद्यम से सम्बन्धी प्रशिक्षण प्राप्त कर सफल उद्यम में स्थापित हुये। संस्थान के प्रशिक्षार्थी देश की औद्योगिक क्रान्ति की प्रगति में सहायक होगें। अप्रेंटिसशिप मेले में चयन किये गये अभ्यथिर्यों को विधायक सदर ने बधाई दी। इस अवसर पर आई0टी0आई0 पट्टी की प्रधानाचार्य गुन्जन गुप्ता ने तकनीकी शिक्षा को उद्योगों के साथ जोड़ते हुये प्रशिक्षण की महत्ता को समझाते हुये बताया कि प्रशिक्षित व्यक्ति समाज के हर स्तर पर स्थापित होता है और उसे रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होते है। विधायक सदर द्वारा कार्यालय के विभिनन्‍ पटलों का निरीक्षण किया गया जिसमें वे संस्थान की कार्यशालाओं से संतुष्ट भी रहे। संस्थान हेतु माननीय विधायक द्वारा 1962 में निर्मित गेटों का हटाकर दो कैटल गार्ड युक्त भव्य गेट के साथ-साथ हाई मास्क लाईट देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य बीरेन्द्र बहादुर सिंह ने आये हुये अतिथियों का आभार व्यक्त किया और शिशिक्षु अधिनियम की विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर सौम्य मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया, श्रम प्रर्वतन अधिकारी डा0 महेन्द्र प्रताप सिंह सहित जनपद के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडो में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 30 अप्रैल 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790

# स्कालरशिप से वंचित छात्रों ने बुलंद की आवाज

**आजमगढ़।** स्कालशिप से वंचित काफी संख्या में छात्र शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया। छात्र शुभम यादव ने कहा कि आरएसएस प्रशिक्षण महाविद्यालय बरहतिर जहानागंज के सैकड़ों छात्रों की पढ़ाई स्कालरशिप पर निर्भर है। इस वर्ष 10 फीसद से ऊपर छात्रों की छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिला है जिससे वे परेशान है। छात्रवृत्ति नहीं मिलने के कारण सभी छात्रों का भविष्य अंधकार में है। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाए जिससे वे पढ़ाई निरंतर जारी रख सकें। विरोध-प्रदर्शन में आशीष यादव, अरविद यादव, अभिषेक यादव, शिवांगी उपाध्याय, अंतिमा सैनी, कुसुम सिंह, अंतिमा मिश्रा, अंजू यादव, संध्या कुमारी, प्रतिभा मोरिया, पूजा मोरिया, अंतिमा यादव, सोनी सैनी आदि थे।



# डीएम के निरीक्षण में खराब मिली हीमो डायलिसिस की एसी

**बलरामपुर (आजमगढ़)।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने गुरुवार को अस्पतालों की व्यवस्था परखी। कहीं कुछ कमी मिली तो अधिकतर ठीक-ठाक रहा। मंडलीय जिला चिकित्सालय के हीमो डायलिसिस वार्ड में एसी के खराब होने की जानकारी पर उसे जल्द से जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया, तो सफाई व्यवस्था से संतुष्ट दिखे। वार्डों में पहुंच मरीजों से पूछा कि समय से दवा-इलाज मिल रही है कि नहीं, लेकिन किसी ने शिकायत नहीं की। आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण कर क्षमता के बारे में जानकारी ली। आपातकालीन कक्ष में मरीजों के इलाज के बारे में जानकारी लेते हुए वार्ड में पहुंचे जहां मरीजों से भोजन, दवा इत्यादि की उपलब्धता के बारे में पूछा। इसके बाद माइनर ओटी, आपरेशन थियेटर, प्राइवेट वार्ड, आइसीयू, सर्जन कक्ष, सेफ हाउस का निरीक्षण किया। हीमो डायलिसिस वार्ड में मरीजों ने शिकायत की कि काफी दिनों एसी नहीं चल रहा है। उन्होंने एसआइसी और वार्ड इंचार्ज को निर्देशित किया कि मरीजों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इधर कोविड-19 की चौथी को लहर को देखते हुए आक्सीजन प्लांट पहुंचे तो वहां कर्मचारियों से प्रतिदिन आक्सीजन की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। ब्लड बैंक में सीनियर पैथालाजिस्ट सुबाष पांडेय से कहा कि हमारा ब्लड बैंक प्रदेश में पहला स्थान पा सके, इसके लिए काम करने की जरूरत है। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि अस्पताल परिसर की साफ-सफाई बेहतर है। आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों का निश्शुल्क इलाज सुनिश्चित किया जाए। चिकित्सकों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा जो सुविधाएं मरीजों को दी जा रही है, उसे सौ फीसद उपलब्ध कराएं। इस मौके पर एसआइसी डा.अनूप कुमार सिंह, अनिल राय, डा. राघवेंद्र सिंह, मुसाफिर यादव आदि उपस्थित रहे। उधर, महिला चिकित्सालय के वार्डो में जाकर महिला मरीजों से उपचार संबंधित जानकारी प्राप्त की। चिकित्सकों को निर्देश दिया कि मरीजों को सभी दवाएं अस्पताल से ही दी जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि भर्ती मरीजों को समय-समय पर मानक के अनुसार भोजन दिया जाए। कूड़ा डालने के लिए जगह-जगह डस्टबिन की व्यवस्था की जाए।



# आज समाज, संविधान व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संकट में : रामगोविद चौधरी

**लौवाडीह (गाजीपुर) ।** क्षेत्र के अवथहीं गांव में गुरुवार को समाजसेवी शिवकुमार राय की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री रामगोविद चौधरी ने कहा कि शिवकुमार राय पूर्व सांसद गौरीशंकर राय के विचारधारा से जुड़कर समता, समानता और समृद्धि की राजनीति करते थे। वह गरीबों, वंचितों के लिए हमेशा खड़े रहते थे। उन्होंने वर्तमान राजनीति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वर्तमान में समाज, संविधान और लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी संकट में है। गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी ने कहा कि 40 साल के सार्वजनिक जीवन में शिवकुमार राय ऐसे पहले व्यक्ति थे जिनपर मैं निर्भर हो गया था। उनके जाने के बाद आज उन जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में मुश्किलें आती हैं। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब उनकी किसी ना किसी बात को लेकर चर्चा ना हो जाए। वह ऐसे व्यक्ति थे जो किसी भी काम को ले लें तो उसे सफलता तक ले जाए बिना नहीं बैठते थे। उनकी सबसे बड़ी खासियत यह थी कि जिससे भी मिलते थे उसका दिल जीत लेते थे। यही नहीं वह उस व्यक्ति के विश्वास को भी कभी नहीं तोड़ते थे और हमेशा साथ खड़े रहते थे। कहा कि वह एक ऐसी शख्सियत थे कि उनसे राजनीति के क्षितिज पर कभी है। समाजसेवी धीरेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि उनके जैसा मित्र कोई नहीं हो सकता। वह परिस्थिति चाहे जो हो मित्र के संकट में हमेशा साथ खड़े रहते थे। इस मौके पर धीरेंद्र श्रीवास्तव की पुस्तक का भी विमोचन किया गया। पूर्व विधायक



चमकने वाले अमर सिंह भी सलाह लिया करते थे। फेफना से सपा विधायक संग्राम सिंह यादव ने कहा कि शिवकुमार राय की डायरी में ना शब्द नहीं था। उनके पास हर समस्या का समाधान होता था। उनकी सोच सकारात्मक थी। चाहे वो कोई भी परिस्थिति हो वो निराश नहीं होते थे। क्षेत्र के विकास को लेकर उनके पास एक विजन था जो बहुत ही कम लोगों में मिलता उमाशंकर कुशवाहा, हरियाणा के एडीजी आलोक राय, ब्लाक प्रमुख वंशीधर यादव, अशोक यादव, हरेंद्र सिंह, रमेश यादव, शारदानंद राय, बृजेश राय, ग्राम प्रधान विनय राय, अमिताभ राय, आइपीएस अजयशंकर राय समेत सैकड़ों की संख्या में पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि दी। संचालन शंभू जी अकेला ने किया।

# चंदौली पुलिस ने बिहार के तीन युवकों को नकली नोट बनाने की मशीन सहित लगभग 12 लाख रुपये नकली नोट संग गिरफ्तार किया.............

**चन्दौली।** जिले की स्वाट और सर्विलांस टीम ने शुक्रवार की सुबह बलुआ थाना के सहयोग से बिहार निवासी तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11 लाख 82 हजार 630 रुपये के जाली नोट बरामद किया है। यह नोट दो हजार, 500 और 100 रुपये के



हैं। इसके साथ ही इनके पास से प्रिंटर, सांचा, कटर, दो बाइक आदि समान भी बरामद हुआ है। इस मामले में प्रारंभिक जानकारी होने के बाद से ही पुलिस की टीम गिरोह के नेटवर्क को खंगाल रही थी। चंदौली जिले की पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर स्वाट और सर्विलांस टीम को जिले में नकली नोट का कारोबार करने वाले गिरोह को सामने लाने में सफलता पायी है। पुलिस के अनुसार जिले में नकली नोट बनाने वाले कारोबारियों के सक्रिय रहने की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम ने जांच शुरू कर दी। इस मामले में सटीक सूचना के आधार पर पुलिस की टीम को सर्विलांस के सहारे पूरे नेटवर्क को उजागर करने में सफलता मिली है। आरोपितों के पास से लगभग 12 लाख रुपये बरामद होने के बाद से ही पुलिस सबंधित आरोपितों को हिरासत में लेकर पूरे नेटवर्क के बारे में पूछताछ में जुटी हुई है। छोटे नोट से पकड़ना मुश्किल : अमूमन बड़े नोट को लोग लेने के पहले गौर से देखते हैं लेकिन इन लोगों ने बड़ी नोट के साथ ही छोटी सौ रुपये की नोट को भी बाजार में चलाना शुरू कर दिया था। इसकी वजह से लोगों को शक भी नहीं होता था। पुलिस को बरामद हुई रकम में काफी मात्रा में छोटी कीमत वाली करेंसी भी मिली है। वहीं इनका नेटवर्क अब तक बाजार में काफी रकम भी खपा चुकी है। इस मामले में पुलिस आरोपितों से पूछताछ करने में जुट गई है। तीनों आरोपित बिहार से संबंधित : चंदौली पुलिस ने बिहार राज्य के तीन लोगों को नकली नोट के कारोबार में गिरफ्तार किया है।

# नहर का तटबंध टूटने से आठ बीघा गेहूं की फसल जलमग्न

**रौनापार (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली के भोपतपुर गांव में बुधवार की रात शारदा सहायक खंड-32 की नहर का तटबंध टूट जाने से आठ बीघा गेहूं और तीन बीघा सब्जी की फसल जलमगन हो गई। पोखरी में पानी गई मछलियां भी बह गई। किसानों ने गुरुवार को अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, लेकिन अब तक नहर को बांधने का कोई प्रयास नहीं हुआ भोपतपुर गांव से शारदा सहायक खंड नहर की शाखा प्रवाहित होती है। बुधवार को दिन में विभाग द्वारा पानी छोड़ दिया गया। रात में पानी के दबाव से नहर का तटबंध टूट गया, जिसके चलते खालिसपुर गांव के बुधन खान, इकबाल खान की लगभग आठ बीघा गेहूं की डूब गई। खालिसपुर के ही श्याम देव और जाहिद खान की बीघे भर सब्जी की खेती डूब गई। जाहिद खान ने पोखरी में मछली पाली थी। नहर का पानी पोखरी में भर जाने से काफी नुकसान हुआ। ग्रामीणों ने पानी के बहाव को तत्काल रोकने की विभाग से अपील की है।



# कटान रोकने के लिए 22 करोड़ की लागत से बनेगा ठोकर

**मुहम्मदाबाद (गाजीपुर) ।** कटान प्रभावित शेरपुर गांव के तिरपनवा से शेरपुर श्मशान घाट तक ठोकर निर्माण के लिए शासन की ओर से 22 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत हो गई है। मौजा तिरपनवा से आगे 800 मीटर तक कटर निर्माण होगा। वहीं श्मशान घाट के पास जबर्दस्त कटान हुआ। इससे सैकड़ों बीघा कृषि भूमि, शिवमंदिर सहित पेड़ गंगा की धारा में समाहित हो गए। गांव के अस्तित्व पर संकट देख ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए गंगा तट पर सत्यसग्रह के पश्चात बीते वर्ष 18 अगस्त को



के पास से 600 मीटर तक बोल्डर पिचिग किया जाएगा। क्षेत्र के कटान प्रभावित शेरपुर के पास ठोकर निर्माण के लिए गुरुवार को बोल्डर गिरना शुरू हो गया। अब ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि उनका गांव कटान होने से बच जाएगा। बीते बरसात के दिनों में गंगा के जलस्तर में उफान आने से शेरपुर कला श्मशान घाट, माघी, छानबे आदि तिरंगा यात्रा निकाली। इसके पश्चात गांव के लोगों ने पंचायत चौपाल आयोजित की। ग्रामीणों का कहना है कि अब उनका गांव कटान से सुरक्षित हो जाएगा। इधर, गांव के शिक्षक बालाजी राय, मनीष राय, कृष्ण मुरारी राय, लालमोहर राय, संतोष राय आदि ने कहा कि मानक के हिसाब से काम होने पर गांव कटान से सुरक्षित हो जाएगा।

# बंधन बैंक के कैश संग्रहक से 60 हजार रुपये व लैपटाप लूटे

**लौवाडीह (गाजीपुर) ।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ढूंढिया व देवरिया गांव के बीच सिवान में गुरुवार को दोपहर बंधन बैंक के कैश संग्रहक राकेश गुप्त से दो बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने लगभग 60 हजार रुपये व लैपटाप लूट लिए। घटना के बाद राकेश गुप्ता ने पुलिस और लेकर अपनी दो बाइक से भाग निकले। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना तत्काल 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को दी। बैंक के अधिकारियों को भी इस घटना से सूचित किया। सूचना मिलते ही करीमुद्दीनपुर पुलिस मौके पर पहुंच राकेश कुमार से पूछताछ कर उन्हें अपने विभाग के बैंक मैनेजर व अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई।बंधन बैंक चितबड़ागांव शाखा के कर्मचारी राकेश कुमार गुप्ता करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के करइल इलाके में बैंक से बांटे गए लोन का पैसा



कलेक्शन करने के लिए क्षेत्र में आए हुए थे। गुरुवार की दोपहर के बाद लगभग 2.30 बजे वह करइल इलाके के गांव से पैसा लेकर वापस चितबड़ागांव को जा रहे थे। इसी बीच ढूंढिया व देवरिया गांव के बीच पहले से घात लगाए बैठे पांच बदमाशों ने उन्हें सड़क पर रोक लिया। लुटेरों को देखते ही वह घबरा गए, तभी लुटेरों ने बैग को छीन लिया और डंडे से उसकी पिटाई शुरू कर दी। जिसके बाद वह अपनी बाइक छोड़कर खेतों की तरफ भाग निकले। इसके बाद लुटेरे बैग को साथ लेकर संभावित जगहों पर छानबीन शुरू कर दी। बैंक मैनेजर राहुल कुमार राय व एरिया मैनेजर लक्ष्मण सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। इन लोगों ने बताया कि राकेश कुमार गुप्ता के पास कलेक्शन का लगभग 60 हजार व लैपटाप उनके बैग में था, जिसे लुटेरे छीन कर भाग गए। इस संबंध में करीमुद्दीनपुर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है कितने रुपये की लूट हुई है इसकी जांच की जा रही। घटना में दोषी शीघ्र गिरफ्तार होंगे।

# मम्मी पापा हमें पढ़ाओ स्कूल में नाम लिखवाओ

**जमानियां (गाजीपुर) ।** स्टेशन बाजार स्थित कंपोजिट विद्यालय बरुईन बाजार में गुरुवार को नामांकन मेला का आयोजन किया गया। अभिभावकों ने परिषदीय विद्यालयों में 17 बच्चों का नामांकन कराया। इस दौरान विद्यालय में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे जानकारी दी गई। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर बिद बस्ती, पटखौलीया व सिचाई विभाग डाक बंगला होते हुए कांशीराम शहरी आवास पर पहुंची। बच्चों ने मम्मी पापा हमे पढ़ाओ, स्कूल में नाम लिखवाओ, हर बच्चे का यही है नारा स्कूल जाना अधिकार हमारा सहित हाथों में अन्य स्लोगन लेकर नारे लगाते हुए बच्चों को स्कूल भेजने का आह्वान किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव, सुनील सिंह, विनीत सिंह, बृजेश त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक सच्चिदानंद जायसवाल, अजय कुमार, रवि उपाध्याय आदि थे। बिरनो : न्याय पंचायत पलिया में आयोजित अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में खंड शिक्षाधिकारी मरदह डा. कल्पना ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय के शिक्षक निर्धारित नामांकन लक्ष्य को ससमय पूर्ण करें। इसके बाद बच्चों ने रैली निकाली। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य पारस यादव, ग्राम प्रधान प्रियंका यादव, राजीव सिंह, सरिता यादव, विनोद यादव, आनंद प्रकाश, राधेश्याम आदि थे। संचालन प्रधानाध्यापक विद्युत प्रकाश ने किया।



# 28 अप्रैल से 206 केंद्रों पर होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**गाजीपुर ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षाएं इस बार उनके अपने विद्यालय पर नहीं होकर परिषद द्वारा निर्धारित किए गए केंद्र पर होगी। अगर किसी ने इसका पालन नहीं किया तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए जिले में कुल 206 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिले में इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं द्वितीय चरण में 28 अप्रैल से चार मई तक होंगी। इस संबंध में गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश राय ने राजकीय बालिका इंटर कालेज के हाल में सभी प्रधानाचार्यों संग बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। यूपी बोर्ड दो चरणों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं करा रहा है। केंद्रों में प्रयोगात्मक परीक्षा भी वायस रिकार्डर व सीसीटीवी कैमरे की नजर में ली जाएगी। प्रयोगात्मक परीक्षा की रिकार्डिंग सुरक्षित रखा जाएगा। डीआइओएस के अनुसार नई व्यवस्था के तहत केवल राजकीय व सहायता प्राप्त विद्यालय के शिक्षक को ही प्रयोगात्मक परीक्षा में परीक्षक नियुक्त किया जाएगा। उनके मुताबिक अब तक परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा सामान्य रूप से उनके विद्यालय में ही होती थी, लेकिन अब प्रयोगात्मक परीक्षा उनके लिखित परीक्षा के परीक्षा केंद्र में होगी। जिन परीक्षा केंद्रों को प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्र की मान्यता नहीं है, वहां के परीक्षार्थियों को प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए नया परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया है। परीक्षक को प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए केंद्र में अपना आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्र लेकर जाने और पहचान पत्र की प्रति विद्यालय के प्रधानाचार्य के रिकार्ड में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। बताया कि परीक्षार्थी प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल होने के लिए अपने स्कूल से संपर्क करेंगे।



## चुनाव में योगी आदित्यनाथ ने खर्च किए 19.81 लाख, जाने बाकी प्रत्याशियों का खर्च

**गोरखपुर।** विधानसभा चुनाव में खर्च हुई धनराशि का अंतिम ब्योरा प्रत्याशियों ने निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दिया है। सदर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनाव प्रचार पर 19.81 लाख रुपये खर्च किए थे। चौरीचौरा विधायक सरवन निषाद ने सर्वाधिक 32.05 लाख रुपये खर्च किए। निर्वाचन आयोग ने खर्च की सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित की थी, लेकिन कोई प्रत्याशी यहां तक नहीं पहुंचा। खर्च के मामले में छह विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी तो तीन में सपाई आगे रहे। विधानसभा चुनाव की व्यय कमेटी ने चुनावी खर्च के ब्योरे की अंतिम रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को भेज दी। मुख्य कोषाधिकारी जनार्दन प्रसाद पांडेय ने प्रेक्षकों को आनलाइन व्यय रिपोर्ट उपलब्ध कराई थी। उनकी सहमति और हस्ताक्षर के बाद इसे निर्वाचन आयोग को भेजा गया। गोरखपुर शहर सीट से राइट टू रीकाल पार्टी के प्रत्याशी रामधवन ने चुनाव प्रचार में नामांकन के समय जमा की जाने वाली जमानत राशि से भी कम महज 10 हजार रुपये खर्च किए। विधानसभा प्रत्याशी खर्च चौरीचौरा सरवन निषाद 32.05 चिल्लूपार राजेश त्रिपाठी 24.44 खजनी श्रीराम चौहान 22.40 सदर योगी आदित्यनाथ 19.81 बांसगांव विमलेश पासवान 18.72 ग्रामीण विपिन सिंह 13.36

# बीआरडी मेडिकल कालेज की स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हो सकते हैं पीएम नरेन्द्र मोदी

**गोरखपुर।** आगामी पांच नवंबर को बीआरडी मेडिकल कालेज की स्थापना के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। स्वर्ण जयंती समारोह को धूमधाम से मनाने की तैयारी चल रही है। मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है। कालेज प्रबंधन के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समारोह में शामिल होने की सहमति दे दी है। समारोह की तैयारियों के लिए प्राचार्य डा. गणेश कुमार ने 11 सदस्यीय कमेटी भी बना दी है। 1972 बैच की छात्रा रहीं डा. रीना श्रीवास्तव को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी बैच के छात्र रहे डा. डीके श्रीवास्तव, डा. आरके जैन, डा. जेपी जायसवाल, डा. स्मिता जायसवाल व डा. शलैंद्र को भी कमेटी में जगह दी गई है। प्राचार्य कमेटी के संरक्षक हैं। आयोजन समिति में इस कालेज के छात्र रह चुके हड्डी रोग विभाग के प्रोफेसर डा. अमित मिश्रा को कार्यकारी सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। उनके साथ डा. रीमा गोयल भी शामिल की गई हैं। प्राचार्य ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में आने की सहमति दे दी है। उनके माध्यम से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रण भेजा जाएगा। समारोह दो दिन का होगा। कालेज के उत्तरी द्वार को स्वर्ण जयंती द्वार बनाया जाएगा। इसे भव्य रूप से सजाया जाएगा। इसके साथ ही परिसर में स्थित बाबा राघव दास की मूर्ति के सौंदर्यीकरण के लिए भी शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। प्राचार्य ने कहा कि पूरी कोशिश की जाएगी कि स्वर्ण जयंती समारोह यादगार हो सके। प्रधानमंत्री के आ जाने से सचमुच यह यादगार बन जाएगा। मेडिकल कालेज का शिलान्यास पांच नवंबर 1969 को हुआ था। इसका पहला बैच वर्ष 1972 में प्रवेश लिया था। अब तक यहां से करीब पांच हजार पढ़ाई पूरी करके निकल चुके हैं। इसमें तीन हजार से अधिक यूजी और 16 सौ पीजी छात्र अब तक पास हो चुके हैं।



# शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने राघवेंद्र सिंह त्रिपाठी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**डाला सोनभद्र।** प्राथमिक विद्यालय डहकूडंडी में उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ सोनभद्र प्रदेश संगठन मंत्री/जिलाध्यक्ष श्री योगेश कुमार पाण्डेय एवं जिला कमेटी की उपस्थिति में ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया।जिसमें श्री राघवेंद्र कुमार त्रिपाठी ब्लॉक अध्यक्ष ,श्री मृन्तुंजय सिंह ब्लॉक महामंत्री, श्री रोशन कुमार ब्लॉक कोषाध्यक्ष, श्री वीरेंद्र कुमार पनिका ब्लॉक उपाध्यक्ष ,श्री गोविंद प्रसाद गुप्ता ब्लॉक प्रचार मंत्री, श्री आलोक कुमार तिवारी ब्लॉक संगठन मंत्री श्री विनय कुमार ब्लॉक संरक्षक मनोनीत किये गये।इस मौके पर श्री योगेश कुमार पाण्डेय ने सर्वप्रथम सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि ब्लॉक की समस्याओं का प्राथमिकता से निदान कराएंगे एवं शिक्षकों के हित के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।अध्यक्ष जी ने यह भी कहा कि पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष व ब्लॉक महामंत्री को जिलाकार्यकारिणी में सम्मिलित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला संरक्षक श्री जयप्रकाश राय,जिला प्रवक्ता/ पर्वेक्षक श्री आनंद त्रिपाठी , श्री रवींद्र नाथ चौधरी,श्री अशोक सिंह, श्री शशांक चतुर्वेदी, नवीन गुप्ता जी श्री राजेश जायसवाल, श्री अमित चौबे,श्री राजेश द्विवेदी,श्री अमित सेठ, श्री पवन सिंह,विनय कुमार त्रिपाठीगौतम पटेल ओमप्रकाश बिरेन्द्र कुमार अमित कुमार त्रिपाठी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी. इमरान सलमानी गोविंद गुप्ता योगेश कुमार मनीष कुमार प्रशांत वर्मा तिनकेश सिंह. मो0 बहलोल. फैजान अहमद. प्रशान्त आदि सैकड़ो शिक्षक मौजूद रहे।



# ओबरा इंटर कालेज में प्रवेश बंद करने पर आक्रोश

**ओबरा (सोनभद्र) ।** प्रदेश के सबसे बड़े परिसर वाले विद्यालयों में एक ओबरा इंटरमीडिएट कालेज को निजी हाथों में सौंपने की कवायद के बीच प्रवेश पर रोक लगाने के मामले ने बड़े आक्रोश को पैदा कर दिया है। गुरुवार को छात्रों सहित कई संगठनों के पदाधिकारियों ने कालेज परिसर में प्रदर्शन कर प्रधानाचार्य विजय कुमार का घेराव किया। आक्रोश को देखते हुए परिसर में पहुंचे चौकी इंचार्ज राकेश राय के आश्वासन पर छात्रों ने दो दिनों तक आंदोलन को स्थगित किया है। दरअसल, कालेज में नए छात्रों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। गुरुवार को कालेज गेट पर आक्रोशित छात्रों ने थाली पीटकर निगम प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान ओबरा पीजी कालेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अमरेश यादव ने कहा कि ओबरा सहित बिल्ली, खैरटिया, बदिन्या, चकाड़ी, भलुआ टोला, रेक्सहवा टोला, बाड़ी, गड़ई डीह, सिदुरिया, गुड़र, कड़िया, परसोई, फफराकुंड, कर्री, ओबरा गांव सहित 50 से ज्यादा टोलों के जरूरतमंदों बच्चों की शिक्षा दीक्षा ओबरा इंटरमीडिएट कालेज पर ही निर्भर है। इस विद्यालय में प्रवेश बंद करना बड़ी साजिश का हिस्सा है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सतीश यादव ने कहा कि कहा कि हिंदी मीडियम के इस विद्यालय के बड़े हिस्से को इंग्लिश मीडियम के निजी संस्थान को पहले ही सौंप दिया गया था। अब पूरे विद्यालय को बंद करने की साजिश कर बिजली प्रबंधन तानाशाही रवैया अपना रहा है। अपना दल (एस) युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद पटेल दयालु के नेतृत्व में ओबरा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें नए छात्रों के प्रवेश बंद करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया। तत्काल प्रवेश शुरू करने की मांग की गई। इस दौरान अल्पसंख्यक मंच के प्रदेश सचिव महताब आलम, शिवदत्त दुबे, दिनेश केसरी, राजेश्वर सिंह आदि रहे।



# आदिवासियों को पुश्तैनी जमीनों पर मालिकाना हक मिलने की जगी उम्मीद

**सोनभद्र ।** जिले में वनाधिकार कानून के तहत आदिवासियों को पुश्तैनी जमीनों का मालिकाना हक मिलने की उम्मीद एक बार फिर से जग गई है। राज्यपाल ने सोनभद्र के साथ प्रदेश के 13 जिलों के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के वनाधिकार कानून की समीक्षा की। राज्यपाल की बैठक में हिस्सा लेने वाले सेवा समर्पण संस्थान कारीडाड़ चपकी के सह संगठन मंत्री आनंद ने बताया कि सोनभद्र में वनाधिकार से जुड़े दावे व आपत्तियों का निस्तारण करीब एक दशक से नहीं हो रहा है। इसको लेकर संस्थान की ओर से पहल की गई थी ताकि आदिवासियों को उनके पुश्तैनी जमीन पर कानून के तहत अधिकार मिल सके। इसको लेकर जिला स्तर पर पूर्व में कई बार बैठक भी हुई लेकिन अंततः कोई नतीजा नहीं निकला। तमाम आदिवासियों के पूर्व में किए गए दावे भी खारिज किए जा चुके हैं। आनंद ने बताया कि बुधवार को राजभवन लखनऊ में हुई समीक्षा बैठक में राज्यपाल ने संबंधित वन विभाग, राजस्व विभाग व समाज कल्याण विभाग को यह आदेशित किया कि सेवा समर्पण संस्थान उत्तर प्रदेश के साथ समन्वय स्थापित कर किसी भी दशा में 15 मई तक सभी के दावे प्राप्त कर सत्यापन करते हुए वनाधिकार पट्टा वितरण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाए। 15 नवंबर जनजाति गौरव दिवस के पूर्व तक सभी 13 जनपदों में पट्टा वितरण की कार्रवाई पूर्ण कर ली जाए। इसमें प्रथम चरण में जनपद सोनभद्र के बभनी विकास खंड को माडल के रूप में लिया जाए। यहां 15 मई तक दावा, सत्यापन की कार्रवाई पूर्ण की जाए। संस्थान के सह संगठन मंत्री ने बताया कि इस बैठक से सोनभद्र के आदिवासियों को उनकी पुश्तैनी जमीन पर मालिकाना हक मिलने की उम्मीद एक बार फिर जग गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में उनके अलावा राज्यपाल के सचिव महेश गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक ममता दुबे, सचिव वन आशीष तिवारी, विशेष सचिव समाज कल्याण रजनीश चंद, सेवा समर्पण संस्थान के आलोक कुमार, समाज कल्याण जनजाति विकास निदेशक डा. प्रियंका वर्मा, डीएफओ रेणुकूट मनमोहन मिश्रा, डीएफओ ओबरा प्रखर मिश्रा, उप जिलाधिकारी दुद्धी प्रमोद कुमार, एससी एसटी आयोग के पूर्व सदस्य रामसेवक, समाज कल्याण अधिकारी सोनभद्र रमाशंकर यादव समेत विभिनन्‍ कुल 15 प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मानक के विपरीत संचालित हो रहे एक दर्जन क्रशर प्लांट सीज

**चुनार (मीरजापुर) ।** पर्यावरणीय मानक को पूरा किए बगैर ही क्रशर प्लांटों के संचालन को लेकर गुरुवार को प्रशासन ने कार्रवाई की। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, चुनार तहसील प्रशासन और पुलिस की टीम ने चुनार के जमुहार व अहरौरा क्षेत्र के कुल 12 क्रशर प्लांटों को सीज कर दिया। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी डा. टीएन सिंह, एसडीएम नीरज प्रसाद पटेल, सीओ मड़िहान अजय राय की टीम की ओर से की गई संयुक्त कार्रवाई से इलाके में खलबली मची रही। शाम तक सीज करने की कार्रवाई चलती रही अधिकारियों की मानें तो क्रशर प्लांटों द्वारा वायु प्रदूषण फैलाने, मानकों को दरकिनार कर संचालन किए जाने की शिकायत उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से हुई थी। 20 अप्रैल को हुई संयुक्त जांच के बाद मिली खामियों की आख्या के क्रम में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ के मुख्य पर्यावरण अधिकारी द्वारा 21 अप्रैल को तत्काल प्रभाव से सभी प्लांटों को सीज करने तथा इनकी जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति का विच्छेदन करने के साथ अन्य सुविधाओं को पूर्णतः बंद किए जाने के आदेश जारी किए गए। एसडीएम चुनार ने बताया कि उक्त आदेश के अनुपालन के क्रम में चिन्हित प्लांटों को सीज किया गया। क्रशर प्लांटों का संचालन मानक के अनुसार किया जाना चाहिए। अगर नियमों का उल्लंघन होता पाया जाएगा तो आगे भी कार्रवाई की जाएगी। इन प्लांटों पर हुई कार्रवाई दिलीप बिल्डकान लि. (स्टोन क्रशर इकाई) जमुहार, मेसर्स आइडियल विजन स्टोन क्रशर सोनपुर, मेसर्स आर के स्टोन एंड क्रशर बाराडीह, पीएनसी इंफ्राटेक लि. स्टोन क्रशर इकाई सोनपुर, मेसर्स राज एसोसिएट्स क्रशर प्लांट सोनपुर, मेसर्स बजरंग स्टोन भगौतीदेई, माँ गायत्री स्टोन वर्क्स सोनपुर, मेसर्स पीबीआर इंफ्राटेक प्रा. लिमिटेड स्टोन क्रशर यूनिट चिरैया, मां विध्यवासिनी स्टोन वर्क्स तथा मां विध्वासिनी स्टोन वर्क्स यूनिट-2 भगौती देई, श्री कृष्णा स्टोन क्रशर भगौती देई, मां शीतला स्टोन क्रशर इकाई सोनपुर।



# सोनभद्र मानव सेवा आश्रम ट्रस्ट के सौजन्य से बच्चों द्वारा ठस्कूल चलो अभियानठ रैली निकालकर किया गया जागरूक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अश्विनी कुमार ठाकुर**

**सोनभद्र ।**भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना सर्व शिक्षा अभियान के क्रम में आज दिनांक 21 अप्रैल 2022 को जनपद सोनभद्र के कर्मा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा सुकृत में स्थित सोनभद्र मानव सेवा आश्रम ट्रस्ट के सौजन्य से बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली निकाली गई यह अभियान ग्रामीणों व ड्राप्ट आउट बच्चों को जागरूक करने के लिए निकाला गया। तथा बच्चों द्वारा नारा भी लगाया गया कि- आधी रोटी खाएंगे, बच्चों को पढ़ाएंगे, सब पढ़ें- सब बढ़ें। पापा - मम्मी, मेरा नाम लिखा दो, मैं भी पढ़ने जाऊँगी। अंत में ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम विश्वकर्मा जी द्वारा ग्रामीणों को समझाया गया कि लड़का हो या लड़की सभी को शिक्षित होना बहुत जरुरी है, दोनों का समान अधिकार है। कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। नया सत्र शुरू हो चुका है, इस लिए उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों का शत- प्रतिशत नामांकन कराने की अपील की। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम विश्वकर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, जिला सचिव सोनभद्र दिनेश कुमार, महिला जिला सचिव सोनभद्र राधिका यादव, सदस्य सरवरे अख्तर, ग्रामीण लोग तथा बच्चे सम्मिलित रहे।



# चार करोड़ से होगा क्षेत्र पंचायत का विकास

**सोनभद्र ।** राबट्र्सगंज ब्लाक सभागार में गुरुवार को क्षेत्र पंचायत की हुई बैठक में चार करोड़ की कायऱ्योजना प्रस्तावित हुई। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रस्ताव दिया।इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी राब?ट्र्सगंज उमेश सिंह ने पिछले वित्तीय वर्ष में क्षेत्र पंचायत से हुए कायी का ब्यौरा सुनाया। बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 व 2021-22 में कुल 10740 पीएम आवास दिए गए हैं। वहीं 904 सीएम आवास दिए गए हैं, जिसमें 98 प्रतिशत आवास पूर्ण ही चुके हैं। बीडीओ ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में मनरेगा से कुल 654593 मानव दिवस सृजन का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अप्रैल के लक्ष्य 31463 मानव दिवस है, जिसमें अब तक लगभग 12 हजार मानव दिवस का ही कार्य हुआ है। इस दौरान ग्राम प्रधान व बीडीसी ने क्षेत्र के विकास का मुद्दा उठाया। ग्राम प्रधानों ने पिछले आठ माह से मनरेगा मजदूरी भुगतान न होने की बात कही। वहीं बीडीसी सदस्यों ने क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने की बात कही। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने पेयजल समस्या को भी उठाया तथा सभी ग्राम पंचायतों में आबादी के अनुसार टैंकरों की संख्या बढ़ाकर पेयजल की आपूर्ति कराए जाने की मांग की। इस दौरान तियरा नायक के बीडीसी सदस्य के निधन पर रख शोक संवेदना व्यक्त की गई। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, अनूप तिवारी, एडीओ पंचायत कृपाशंकर शुक्ला, ओमप्रकाश सहित प्रधान व बीडीसी सदस्य मौजूद रहे।



# सभी क्रय केंद्र प्रभारी बनाएंगे केवल एक संपर्क रजिस्टर

**मीरजापुर ।** गुरुवार को क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद की समीक्षा की गई। इस दौरान क्रय केंद्र प्रभारियों को गेहूं खरीद में तेजी लाने की हिदायत दी गई। कहा कि सभी क्रय केंद्र प्रभारी केवल एक ही संपर्क रजिस्टर बनाएंगे, इसमें आने वाले सभी किसानों का विवरण दर्ज करें। क्रय केंद्रों पर बोरा की कमी कदापि नहीं होने पाए वरना कार्रवाई की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में हुई बैठक में गेहूं खरीद को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी गई। डीएम ने कहा कि जिला प्रबंधक लगातार निगाह बनाए रखें। उठान और तौल की सूचना नियमित दें। सुनिश्चित करें कि प्रति केंद्र पर एक ट्रक अवश्य मिलें। किसानों को हर संभव जल्द से जल्द भुगतान कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सभी क्रय केंद्र प्रभारी 80 प्रतिशत तक भुगतान कराना सुनिश्चित करें। एडीएम वित्त व राजस्व शिव प्रताप शुक्ला ने गेहूं खरीद के बारे में जानकारी दी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी मीरजापुर धनंजय सिंह ने बताया कि 56 में से 44 क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद चल रही है। शासन की ओर से निर्धारित लक्ष्य 72 हजार टन के सापेक्ष वर्तमान में 710 किसानों से 3047.31 टन गेहूं खरीद अभी तक हुई है।



# राज्यपाल से मिले अनपरा के दिव्यांग क्रिकेटर लव वर्मा

अनपरा (सोनभद्र) : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से अनपरा के अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेटर लव वर्मा ने राजभवन लखनऊ में जाकर मुलाकात की। राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर क्रिकेट संबंधित रोजगार के लिए फाइल राज्यपाल के समक्ष रखा। वर्ष 2015 में एशिया कप विजेता एवं क्रिकेट में उनकी उपलब्धियों को देख कर राज्यपाल खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने लव वर्मा के सभी कागजात लेकर सहयोग का आश्वासन दिया। राज्यपाल से मिलने के लिए लव वर्मा ने तीन माह पूर्व आवेदन किया था।

# वृद्ध की पोखरे मे डूबने से गई जान

**सोनभद्र ।** रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र के ग्राम सिलथम निवासी तानबुडुक जायसवाल (60) की पोखरे में डूबने से मौत हो गई। वह अपनी भैस को बुधवार की सुबह करीब 11 बजे गांव में स्थित पोखरे में पानी पिलाने गए थे। इस दौरान उनका पैर फिसल गया और वह पोखरे में गिर गए। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। करीब डेढ़ घंटे बाद गांव के अन्य पशु पालक अपने पशुओं को पानी पिलाने उसी पोखरे की तरफ गए तो देखा पोखरे में एक शव उतराया देखा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**अनियंत्रित ट्रक के धक्के से मंदिर क्षतिग्रस्त**

**डाला (सोनभद्र) ।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के बारी पहला मोड़ स्थित माता दुर्गा मंदिर ट्रक के धक्के से क्षतिग्रस्त हो गया। बगैर नंबर प्लेट का ओवरलोड ट्रक गिट्टी लादकर खनन क्षेत्र के रास्ते से होते हुए वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर जा रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर मंदिर से जा टकराया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोग मुआवजे की मांग करने लगे। मौके पर पहुंची डाला पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को चौकी परिसर में खड़ा करा दिया।

# 4 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा के साथ तीन शातिर गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**डाला सोनभद्र।** पुलिस उप महानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मादक पदार्थ की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज बृहस्पतिवार उ0नि0 मनोज कुमार ठाकुर चौकी प्रभारी डाला हेड कांस्टेबल महेंद्र यादव कांस्टेबल रविकांत कांस्टेबल पुलिस सिंह के द्वारा चूड़ी गली कोटा चौराहे के पास आज समय 8:30 बजे अभियुक्त अमित उर्फ रवि पूरी पुत्र प्रदीप पुरी निवासी मलिन बस्ती डाला के कब्जे से 1 किलो 500 ग्राम व, छोटे लाल उर्फ छोटू राजभर पुत्र स्वर्गीय शंकर राजभर निवासी चूड़ी गली डाला के कब्जे से 1 किलो 400 ग्राम,व प्रदीप कुशवाहा पुत्र स्वर्गीय राम आशीष कुशवाहा निवासी नई बस्ती डाला के कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 99/22 धारा 8/20 एनडीपीएस मु0अ0स0 101/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट 100/2022 धारा8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 मनोज कुमार ठाकुर, हेड कांस्टेबल महेंद्र यादव, कांस्टेबल रविकांत, कांस्टेबल पुनीत सिंह, रहे मौजूद।



# बिजली की न्यूनतम मांग में तीन हजार मेगावाट की उछाल

**अनपरा (सोनभद्र) ।** प्रदेश में बढ़ रही बेतहाशा गर्मी के मद्देनजर बिजली की मांग में भी निरंतर वृद्धि जारी हैं। गुरुवार को बिजली की न्यूनतम मांग में तीन हजार मेगावाट का उछाल बना रहा। इससे ऊर्जा विभाग का शीर्ष प्रबंधन सकते में रहा। मंगलवार को बिजली की न्यूनतम मांग 14028 मेगावाट रहा। जबकि बुधवार को भी 14 हजार मेगावाट के आसपास मांग बनी रही। गुरुवार को अचानक तीन हजार मेगावाट का उछाल लेते हुए न्यूनतम मांग 17384 मेगावाट के आसपास कायम रहा। प्रदेश में बिजली की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए निगम के सभी इकाईयों को फूल लोड पर चलाया जा रहा हैं। निगम का उत्पादन गुरुवार को 4395 मेगावाट बना रहा। प्रदेश की सबसे बड़ी व सस्ती बिजली मुहैया कराने वाली तापीय परियोजना अनपरा की सभी इकाइ्यों को फूल लोड पर निरंतर संचालित किया जा रहा हैं। गुरुवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 20638 मेगावाट तथा न्यूनतम मांग 17384 मेगावाट के आसपास बना रहा। अनपरा अ परियोजना से 488 मेगावाट, ब परियोजना से 915 मेगावाट, डी परियोजना से 956 मेगावाट तथा लैंको परियोजना से 572 मेगावाट बिजली ग्रिड को दी गई। गौरतलब हो कि लैंको परियोजना में 600 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ब्वायलर ट्यूब लीकेज के कारण गत दो दिनों से बंद चल रही है। जल्द ही इस इकाई को लोड़ पर लाने की कवायद की जा रही हैं।



# शिक्षक के आवास से चोरों ने उड़ाए आभूषण

**शक्तिनगर (सोनभद्र)।** स्थानीय थाना अंतर्गत एनटीपीसी की विद्युत बिहार आवासीय परिसर में चोरों ने ताला तोड़ घर में रखे 120 ग्राम सोना व डेढ़ किलो चांदी के गहने चुरा लिए। संत जोसफ स्कूल की शिक्षक सृष्टि थापा एनटीपीसी के आवासीय परिसर में रहती हैं। वह 15 मार्च को अपने पैतृक निवास भुनेश्वर गईं थीं। इसी दौरान शिक्षक के पड़ोसी ने घर में चोरी होने की सूचना दी। जिस पर शिक्षक ने अपने आवास में चोरी होने की जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य आर्चीवाल्ड डिसिल्वा को दी। विद्यालय के कुछ अन्य शिक्षक मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। चोर पीछे से आंगन का दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किए थे। शिक्षकों ने आवास से वीडियो कालिंग कर घर में रखे सभी सामान व कमरे को दिखाया। शिक्षिका के पिता ने चोरी की घटना का तहरीर शक्तिनगर पुलिस व विद्यालय के प्रधानाचार्य को दी है। इस बाबत थानाध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा ने कहा कि चोरी की घटना का मुकदमा पंजीकृत कर पड़ताल की जा रही है।



# बाइक के धक्के से बालिका की मौत

**वैनी (सोनभद्र) ।** रायपुर थाना क्षेत्र के चौखड़ा गांव में पनन्र्गंज-खलियारी मार्ग पर गुरुवार को बाइक के धक्के से सात वर्षीय बालिका की मौत हो गई। वह बच्चों के साथ सड़क के किनारे खड़ी थी। राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र के चेरूई गांव निवासी राजेश अपने परिवार के साथ रायपुर थाना क्षेत्र के चौखड़ा गांव में शादी में आए हुए थे। गुरुवार को उनकी सात वर्षीय पुत्री अमृता बच्चों के साथ सड़क के किनारे खड़ी थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे धक्का मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। स्वजन ने उसे तत्काल वैनी सीएचसी में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में भी हालत में सुधार न होता देख डाक्टरों ने उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वाराणसी जाते समय बालिका ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।



# धौनी ने आखिरी ओवर में फिनिश किया मैच, कप्तान जडेजा का रिएक्शन हो रहा है वायरल

**नई दिल्ली।** मुंबई के खिलाफ मैच में सीएसके के पूर्व कप्तान एमएस धौनी ने एक बार फिर से साबित किया कि क्यों उन्हें वर्ल्ड का सबसे बेस्ट फिनिशर माना जाता है। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के सामने मुंबई की एक न चली और लगाातार उसे 7वें मैच में हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही मुंबई ऐसी पहली टीम बन गई है जो शुरुआत के 7 मैच हारी हो। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने खराब शुरुआत के बाद तिलक वर्मा के अर्धशतकीय पारी की बदौलत 155 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए चेनन्ई की टीम को आखिरी ओवर में 17 रन चाहिए थे और धौनी ने अपने स्टाइल में मैच फिनिश कर चेनन्ई को सीजन की दूसरी जीत दिला दी। धौनी ने जयदेव उनादकट के आखिरी ओवर में दो छक्के और एक चौके और 2 रन के साथ 4 गेंदों पर 16 रन बनाए। मैच खत्म होने के बाद जब धौनी मैदान से बाहर जा रहे थे तो फैंस को एक शानदार नजारा देखने को मिला। टीम के कप्तान रवींद्र जडेजा ने धौनी के पैर छुए। धौनी ने इस मैच में 13 गेंदों पर 28 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। ये चेनन्ई की सीजन में दूसरी जीत है। इस हार के बाद इस सीजन में मुंबई के प्लेआफ में पहुंचने की संभावना खत्म हो गई है। धौनी ने इस सीजन के पहले मैच में अर्धशतकीय पारी खेल सबको अपने फार्म में आने की दस्तक दे दी थी। इस मैच में उनकी दमदार पारी से टीम के कप्तान खुद को नहीं रोक पाए और उनके पैर छुते हुए नजर आए। मैच के बाद टीम के कप्तान रवींद्र जडेजा ने कहा कि ठमैच के दौरान उन्हें डर लगा था लेकिन इस मैच का बेस्ट फिनिशर मैदान पर मौजूद था इसलिए मैं जानता था कि जीत का मौका है। यदि आप मैच नहीं जीतते हैं तो शांत रहना जरूरी है हमें अपने फील्डिंग पर काम करना जरूरी है।




# हारने के बाद रोहित शर्मा ने बताया किस खिलाड़ी ने छीन ली उनकी टीम से जीत

**नई दिल्ली।** आइपीएल के सबसे सफल कप्तान रोहित शर्मा की टीम मुंबई इंडियंस को सीएसके के खिलाफ भी हार मिली और ये इस टीम की इस सीजन में लगातार सातवीं हार थी। आइपीएल इतिहास में ये पहला मौका था जब किसी टीम को पहले सात मैचों में लगातार हार का सामना करना पड़ा। मुंबई की टीम इन लगातार हार के बाद लगभग प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई है। वैसे सीएसके और मुंबई के खिलाफ खेला गया मैच रोमांचक और बेहद करीबी था। जीत तो सीएसके के लिए भी आसान नहीं था, लेकिन आखिरी गेंद पर एम एस धौनी ने चौका लगाकर अपनी टीम को 3 विकेट से जीत दिला दी। मुंबई की टीम सीएसके से मिली हार के बाद आइपीएल की पहली ऐसी टीम बन गई जिसे अपने पहले सात लीग में हार का सामना करना पड़ा। चेन्नई सुपर किंग्स से मिली इस हार के बाद मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने हार के पीछे की वजह बताई। उन्होंने कहा कि अंत में ये हमारी तरफ से बड़ी लड़ाई थी। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की थी, लेकिन फिर भी हम गेम में बने हुए थे। टीम के गेंदबाजों ने मुंबई को मैच में बनाए रखा था, लेकिन अंत में आप जानते हैं कि एमएसडी (धौनी) क्या कुछ कर सकते हैं और उन्होंने सीएसके के लिए मैच जीत लिया। रोहित शर्मा ने कहा कि किसी भी चीज पर उंगली उठाना मुश्किल है, लेकिन हम मैच में अच्छी शुरुआत नहीं कर सके थे। अगर आप तेजी से विकेट खो देते हैं तो आप मैच जीतने की स्थिति में नहीं होते हैं। हालांकि मुझे लगा कि इस मैच में हमने सीएसके को दवाब में रखने के लिए अच्छा खेल दिखाया और हम आखिरी ओवर तक दवाब बनाने में कामयाब रहे, लेकिन धौनी और प्रिटोरियस ने मैच जीत लिया।



# राजस्थान की मजबूत बल्लेबाजी के सामने ये हो सकती है दिल्ली की संभावित प्लेइंग इलेवन

**नई दिल्ली।** रिषभ पंत के नेतृत्व में जब दिल्ली की टीम वानखेड़े के मैदान पर राजस्थान रायल्स के सामने उतरेगी तो उसके सामने पिछले मैच के प्रदर्शन को दोहराने की चुनौती होगी। टीम कोरोना को लेकर जिन परिस्थितियों से गुजर रही है उस स्थिति से निकलते हुए उसने पंजाब को हराया था। ओपनर पृथ्वी शा की बात करें ट्रेंट बोल्ट के सामने उनकी औसत अच्छी नहीं है ऐसे में उनको इस चुनौती से पार पाना होगा। वार्नर शानदार लय में नजर आ रहे हैं ऐसे में उनसे टीम को एक और विस्फोटक पारी की उम्मीद होगी। दिल्ली की गेंदबाजी की बात करें तो राजस्थान की बल्लेबाजी उनके सामने बड़ी चुनौती होगी। कुलदीप यादव लगातार विकेट ले रहे हैं। इस मैच में भी उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी दिल्ली की ओपनिंग जोड़ी- पृथ्वी शा और डेविड वार्नर के रूप में टीम के पास बेहतरीन ओपनिंग जोड़ी है लेकिन बोल्ट के सामने शा उतने कामयाब नहीं रहे हैं। ऐसे में वे बोल्ट का तोड़ कैसे निकालते हैं ये देखना जरूरी है। टीम के लिए खास बात ये है कि वार्नर लगातार अच्छे फार्म में हैं और वे रन बना रहे हैं। दिल्ली का मध्यक्रम- दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता इसका मध्यक्रम है। रिषभ पंत, रोवमैन पावेल, सरफराज खान और ललित यादव के तौर पर टीम के पास विकल्प तो हैं लेकिन वे अपनी क्षमता के अनुसार खेल नहीं पा रहे हैं। पंत 6 मैच खेल चुके हैं लेकिन अब तक उनके बल्ले से एक भी अर्धशतकीय पारी नहीं निकली है। ऐसे में राजस्थान की मजबूत बल्लेबाजी के सामने टीम के मध्यक्रम को रंग में आने की जरुरत है। दिल्ली की गेंदबाजी- खलील अहमद, शार्दूल ठाकुर और मुस्तफिजुर रहमान के रूप में टीम के पास तेज गेंदबाजी विकल्प है। आनरिक नोकिया को लेकर अब भी संशय की स्थिति बनी हुई है। स्पिन गेंदबाजी में टीम के पास कुलदीप यादव हैं जो शानदार फार्म में चल रहे हैं और 13 विकटों के साथ पर्पल कैप की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। इसके अलाना पिछले मैच में अक्षर पटेल ने भी अच्छी गेंदबाजी की है। पृथ्वी शा डेविड वार्नर, सरफराज खान, रिषभ पंत(कप्तान), ललित यादव, रोवमैन पॉवेल, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मुस्ताफिजुर रहमान, कुलदीप यादव, खलील अहमद।



# खलील के सामने होंगे विस्फोटक डेविड वार्नर, जानें कहां और कब देखें दिल्ली और राजस्थान का ये मुकाबला

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 34वें मैच में दिल्ली का सामना राजस्थान के साथ होगा। पिछले मैच में विपरित परिस्थियों में भी दिल्ली की टीम ने जिस तरह का प्रदर्शन किया वो काबिलेतारीफ है। उन्होंने पंजाब की टीम को एकतरफा मैच में हराया था। दूसरी तरफ राजस्थान की टीम भी लय में नजर आ रही है। ओपनर जोस बटलर के बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं तो गेंदबाज चहल हर मैच में अपना कमाल दिखा रहे हैं। आरेंज कैप और पर्पल कैप दोनों ही राजस्थान टीम के पास है ऐसे में दिल्ली के गेंदबाजों को जोस बटलर का तोड़ ढूंढना होगा तो वहीं दूसरी तरफ चहल के सामने विशेष रणनीति के तहत बल्लेबाजी करनी होगी। खलील और जोस बटलर का अब तक दो बार आमना-सामना हुआ है जिसमें एक बार खलील ने उन्हें आउट किया है।यदि आप भी गेंद और बल्ले के इस रोमांच का आनंद लेना चाहते हैं तो आइए मैच से जुड़ी कुछ अहम बातों को जान लेते हैं। कब होगा दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रायल्स के बीच ये मैच? 22 अप्रैल, शुक्रवार को होगा दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रायल्स के बीच ये मैच। कहां खेला जाएगा दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रायल्स के बीच ये मैच चेनन्ई और बैंगलोर के बीच ये मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। कितने बजे शुरू होगा दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रायल्स के बीच ये मैच?दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रायल्स के बीच ये मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा। कितने बजे होगा दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रायल्स के बीच इस मैच का टास दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रायल्स के बीच इस मैच का टास शाम 7 बजे होगा। दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रायल्स के बीच इस मैच को कहां देख सकते हैं दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रायल्स के बीच इस मैच को स्टार स्पोर्ट्स के नेटवर्क या हाटस्टार पर देख सकते हैं। इसके अलावा इस मैच से जुड़ी हर खबर को आप आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पढ़ सकते हैं।



# दिल्ली के सामने राजस्थान के इन खिलाडियों पर होगी जीत दिलाने की जिम्मेदारी, बटलर और वार्नर की बल्लेबाजी आकर्षण का केंद्र

**नई दिल्ली।** राजस्थान की टीम 6 मैचों में 4 जीत के साथ तीसरे नंबर पर बनी हुई है। टीम के आलराउंड प्रदर्शन का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आरेंज कैप और पर्पल कैप होल्डर दोनों इसी टीम में मौजूद हैं। जोस बटलर जहां 375 रन बनाकर आरेंज कैप पर कब्जा जमाए हुए हैं तो वहीं चहल ने 17 विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम किया हुआ है। टीम पिछले मैच में केकेआर को रोमांचक मुकाबले में हराकर यहां पहुंची है। टीम की बल्लेबाजी जोस बटलर, संजू सैमसन और शिमरोन हेटमायर के ऊपर निर्भर करती है राजस्थान की ओपनिंग जोड़ी- टीम को अभी भी परफेक्ट ओपनिंग जोड़ी नहीं मिली है। शुरुआती कुछ मैचों में बटलर का साथ यशस्वी जायसवाल ने दिया था लेकिन वे कामयाब नहीं रहे। उनके स्थान पर देवदत्त पाडिक्कल को मौका मिला लेकिन वे भी टीम की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए। ऐसे में इस मैच में दोनों से टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। राजस्थान का मध्यक्रम- टीम के मध्यक्रम की बात करें तो संजू सैमसन, रियान पराग, करुण नायर जैसे बल्लेबाज हैं लेकिन संजू सैमसन को छोड़कर ये बल्लेबाज रन नहीं बना पा रहे हैं। फिनिशर के तौर पर टीम में शिमरोन हेटमायर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और ये टीम के लिए अच्छी बात है। राजस्थान की गेंदबाजी- ट्रेंड बोल्ट शुरुआती ओवरों में विकेट लेने में माहिर हैं। उनका साथ देने के लिए प्रसिद्ध कृष्णा के रूप में टीम के पास अच्छा विकल्प है जो डेथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। पिछले मैच में डेब्यू करने वाले ओबेद मेकाय ने अपनी गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया था। टीम के पास गेंदबाजी में चहल के तौर पर प्रमुख हथियार है जिन्होंने कोलकाता के खिलाफ एक ओवर में 4 विकेट लेकर सनसनी मचा दी थी। जोस बटलर, देवदत्त पाडिक्कल, संजू सैमसन(विकेटकीपर, कप्तान), शिमरोन हेटमायर, रियान पराग, करुण नायर, आर अश्विन, ओबेद मैकाय, ट्रेंट बोल्ट, प्रसिद्ध कृष्णा, युजवेंद्र चहल।



# कप्तानी छोड़ने के बाद भी विराट कोहली का बल्ला है खामोश, इस सीजन में 7 मैचों में बनाए 119 रन

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली उन गिने चुने खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने अब तक हुए सभी आइपीएल में शिरकत की है। वह आइपीएल के न सिर्फ सबसे सफल बल्लेबाजों में शामिल हैं, बल्कि आइपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड भी उनके नाम दर्ज है। आइपीएल के एक सत्र में भी सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा शतक बनाने की उपलब्धि भी कोहली के नाम है। लेकिन, ये सब पुरानी बातें हैं। ये साल दूसरा है और कोहली का हाल दूसरा है। इस बार आइपीएल कोहली को रास नहीं आ रहा है और उनका बल्ला अब तक खामोश बना हुआ है। उनकी टीम रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अब तक लीग चरण में अपना आधा सफर तय कर चुकी हैं, लेकिन इस दौरान सात मैचों में कोहली के बल्ले से एक भी अर्धशतक नहीं निकला है कुछ महीनों पहले तक आरसीबी के साथ-साथ सभी प्रारूपों में टीम इंडिया के कप्तान रहे कोहली का बल्ला इस आइपीएल में काफी शांत नजर आ रहा है। अब तक हुए सात मैचों में उन्होंने सिर्फ 119 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत सिर्फ 19.83 का रहा है और उनका सर्वाधिक स्कोर सिर्फ 48 रन रहा है। इस सत्र में आरसीबी के प्रमुख बल्लेबाजों में कोहली से कम रन सिर्फ ग्लेन मैक्सवेल ने बनाए हैं। मैक्सवेल ने 112 रन बनाए हैं, लेकिन उन्होंने कोहली से तीन मैच कम भी खेले हैं। शानदार फार्म में चल रहे फाफ डुप्लेसिस (250) और दिनेश कार्तिक (210) की बात तो छोड़िए, शहबाज अहमद (171) और अनुज रावत (129) जैसे अंजान बल्लेबाज भी इस सत्र में कोहली से ज्यादा रन बना चुके हैं। यही वजह है कि कोहली की असफलता के बावजूद उनकी टीम आरसीबी का प्रदर्शन इस सत्र में अब तक शानदार रहा है और वह पांच मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष दो टीमों में बनी हुई है। कोहली ने पिछले साल आइपीएल के दौरान सत्र के बाद आरसीबी की कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर दी थी। माना जा रहा था कि इससे उनके ऊपर से कप्तानी का बोझ हटेगा और वह बतौर बल्लेबाज खुलकर खेल सकेंगे। लेकिन, अभी तक इस सत्र में ऐसा देखने को नहीं मिला है। कोहली अब तक सभी आइपीएल का हिस्सा रहे हैं, लेकिन शुरुआती सात मैचों में उन्होंने इससे कम रन कभी नहीं बनाए। आइपीएल के शुरुआती दो सत्रों में उन्होंने सात-सात मैचों में क्रमशः 122 और 123 रन बनाए थे, लेकिन तब वह टीम के प्रमुख बल्लेबाज भी नहीं थे और निचलेक्रम में बल्लेबाजी करने आते थे। हालांकि, कोहली के स्तर को देखकर यह अंदाजा नहीं लगाया जा सकता कि वह कब फार्म हासिल कर लें, लेकिन उम्मीद करनी चाहिए कि जल्द ही कोहली का बल्ला फिर से पुरानी रंगत में दिखेगा और वह बड़ी पारियां खेलते नजर आएंगे। 973 रन बनाए थे 2016 के सत्र में कोहली ने, जो आइपीएल के किसी एक सत्र में किसी भी बल्लेबाज के सर्वाधिक रन हैं। उनके अलावा किसी भी बल्लेबाज ने एक सत्र में कभी 850 रन भी नहीं बनाए हैं। -4 शतक 2016 में जड़कर आइपीएल के एक सत्र में सर्वाधिक शतक बनाने का रिकार्ड बनाया था कोहली ने, जो आज तक कायम है। -3 बार कोहली ने आइपीएल में 200 या अधिक रन की साझेदारी निभाई है। उनके अलावा ऐसा कोई भी बल्लेबाज नहीं कर सका है।



# सचिन सहित इन दिग्गजों ने दी पोलार्ड के संन्यास पर अपनी प्रतिक्रिया, गेल बोले हमसे पहले विश्वास नहीं हो रहा

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के आल राउंडर कीरोन पोलार्ड ने सोशल मीडिया के माध्यम से अचानक अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर अपने फैंस सहित अपने साथी खिलाडियों को भी चौंका दिया। उनके साथी खिलाड़ी क्रिस गेल ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि उनसे पहले पोलार्ड संन्यास का एलान कर देंगे। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय करियर के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी है। आपके साथ खेलने का अनुभव अच्छा रहा, आ? वाले चैप्टर के लिए शुभकामनाएं। सचिन तेंदुलकर ने एक फोटो शेयर करते हुए उन्हें फाइटर और चैलेंजर बताया है। उनके अलावा उनके मुंबई इंडियंस के साथी खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह और विनय कुमार ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। इसके अवावा वेस्टइंडीज क्रिकेट ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी है। वेस्टइंडीज क्रिकेट की तरफ से बयान जारी कर उनके 15 साल के योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद दिया है। हम उनके निणय का सम्मान करते हैं और उन्हें वेस्टइंडीज क्रिकेट को अच्छा नेतृत्व देने के लिए धन्यवाद करते हैं। हम आने वाले दिनों में उनकी सफलता की कामना करते हैं। उनके अंतर्राष्ट्रीय करियर की बात करें तो उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए कुल 123 वनडे और 101 टी20 मैच खेले हैं।फिलहाल वे आइपीएल खेल रहे हैं और मुम्बई इंडियंस टीम का हिस्सा हैं। हालांकि अब तक न उनका और न उनकी टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। टीम 6 मैच खेल चुकी है लेकिन अब तक जीत का खाता भी नहीं खोल पाई है। खिताब जीता तो वे टीम का हिस्सा नहीं थे।



# मलिंगा जैसे एक्शन वाले 19 साल के इस गेंदबाज को सीएसके टीम में मिली जगह एडम मिल्ने हुए बाहर

**नई दिल्ली।** आइपीएल का 15वां सीजन चेनन्ई के लिए बेहद खराब रहा है। टीम अब तक 6 मैचों में केवल एक जीत दर्ज कर पाई लेकिन उसकी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। दरअसल एडम मिल्ने चोट के कारण आइपीएल से बाहर हो गए हैं। वे हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण आइपीएल के बाकी बचे मैच नहीं खेल पाएंगे। चेनन्ई ने उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर श्रीलंका के गेंदबाज माथिसा पाथिराना को शामिल कर लिया है सीएसके ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है कि ठचेनन्ई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने आइपीएल 2022 से बाहर हो गए हैं जिन्हें सीएसके की तरफ से मेगा आक्शन में चुना गया था। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ पहला मैच खेला था। श्रीलंका के तेज गेंदबाज माथिसा पाथिराना को उनके स्थान पर शामिल कर लिया गया जो बाकी बचे मैचो में सीएसके के लिए उपलब्ध रहेंगे। माथिसा का एक्शन श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा से मिलता है।



# राशिफल

**मेष-:**आज आप कुछ तनाव में रह सकते हैं। आज से आपको बुरी आदतों को छोड़ देना चाहिए। जीवन साथी के साथ मधुरता बनी रहेगी।

**वृष-:**आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। विद्यार्थी पढ़ाई में रूचि लेंगे। अगर आप किसी सरकारी काम से जा रहे हैं तो अपने साथ जरूरी दस्तावेज ले जाना न भूलें।

**मिथुन-:**आपका कठोर व्यवहार आपके जीवनसाथी के साथ आपके संबंधों में तनाव ला सकता है. ऐसा कोई भी काम करने से पहले उसके अंजाम के बारे में सोच लें।

**कर्क-:**अगर आप अविवाहित हैं तो आज आपको कई प्रस्ताव मिल सकते हैं. वह व्यक्ति आज आपको कोई प्रस्ताव भी भेज सकता है, जिससे आप आकर्षित है

**सिंह-:**आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा. आज आप हर चुनौती का डटकर सामना करेंगे। विद्याथियों को आज थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ेगी

**कन्या-:**आपकी शाम कई तरह की भावनाओं से घिरी रहेगी और इसलिए तनाव भी दे सकती है. लेकिन ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आपकी खुशी आपको आपकी निराशाओं से ज्यादा खुशी देगी।

**तुला-:**आज धार्मिक आस्था में वृद्धि होगी. संतों का साथ मिल सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों को पद मिल सकता है। पारिवारिक माहौल वैसा ही रहेगा।

**वृश्चिक-:**आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कोई भी काम शुरू करने से पहले बड़ों की सलाह जरूर लें। आज किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें, क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**धनु-:**किसी भी कीमत पर आपा न खोएं अन्यथा परिवार में अनबन हो सकती है. यदि आप प्रयास करेंगे तो आप शांति और सद्भाव बनाए रखने में सक्षम होंगे।

**मकर-:**बुरी आदतों को छोड़ने के लिए आज का दिन उत्तम है. राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी होगी। आय और व्यय के बीच संतुलन बनाए रखें।

**कुंभ-:**आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। दोस्तों के साथ मस्ती में दिन बीतेगा। दोस्तों के साथ पार्टी में जाएंगे, पुराने दोस्तों से मुलाकात होगी।

**मीन-:**अधिक भोजन और शराब के सेवन से बचें। बैंक से जुड़े लेन-देन में बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है। आपका जीवन साथी आपकी मदद करेगा और मददगार साबित होगा।

# सम्पादकीय

## कोविड मुक्त भारत के लिए पारंपारिक ज्ञान विज्ञान का उपयोग कितना महत्वपूर्ण है हमारे लिए

कोरोना वायरस जनित महामारी की तीसरी लहर में ओमिक्रान वेरिएंट ने विश्व के अधिकांश हिस्से को प्रभावित किया है। इस बीच देश में कोरोना संक्रमण की चौथी लहर आने की आशंका भी जताई जा रही है। कोरोना संक्रमण के लगातार बने रहने की एक बड़ी वजह है बहुत सारी चीजों या वस्तुओं की वे सतहें जिनके संपर्क में हम दिन-रात आते हैं। इन सतहों पर अनेक प्रकार के बैक्टीरिया, जर्म्स और वायरस चिपके होते हैं। इसके साथ जाने-अनजाने में उन्हीं हाथों से हम अक्सर अपने मुंह, नाक, आंखों आदि को छूते हैं और इसके चलते हम अपने अंदर न जाने कितनी तरह की बीमारियां ले जाते हैं, जिसमें कोरोना भी शामिल होता है। तो क्या है इसका इलाज और कैसे हम चिंतामुक्त रहें कि इन सतहों को छूने से हमें बीमारियां न हों? इन प्रशनें का उत्तर ढूंढने के लिए हमें अपने पारंपरिक मूल्यों और गौरवशाली अतीत की ओर लौटना होगा जहां स्वच्छता की बात सबसे पहले होती थी। यह बहुत पुरानी बात नहीं है, जब हमारे घरों में खाने के लिए तांबा, कांसा या पीतल से बने बर्तनों, थालियों और लोटे आदि का उपयोग होता था। वर्ष 1980-85 से पहले पैदा हुए ज्यादातर भारतीय तो इन्हीं बर्तनों का उपयोग करते-करते बड़े हुए हैं, क्योंकि ऐसा माना जाता रहा है कि तांबे या तांबा-मिश्रित धातु मसलन पीतल और कांसे के बर्तनों में हानिकारक जीवाणु या विषाणु नहीं टिक पाते हैं। यह तो आज भी माना जाता है कि तांबे के बर्तन में रात को पानी रखकर सुबह उसी पानी का खाली पेट सेवन करने से पाचन तंत्र मजबूत रहता है और यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता हैऋग्वेद और अथर्ववेद सहित कई प्राचीन ग्रंथों में ताम्र यानी तांबा को सबसे महत्वपूर्ण धातुओं में गिना गया है। भारतीय चिकित्सा पद्धति के जनक सुश्रुत द्वारा रचित सुश्रुत संहिता में शरीर के आंतरिक और बाहरी, दोनों तरह की बीमारियों के इलाज में तांबे के उपयोग का उल्लेख है। आयुर्वेद में 'ताम्र भस्मऽ का उल्लेख एक चमत्कारी औषधीय घटक के रूप में किया गया है। सदियों से मौजूद इस भारतीय पारंपरिक ज्ञान की पुष्टि अब आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान भी कर रहे हैं। पिछले साल फरवरी में, अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (यूनाइटेड स्टेट्स एन्वायरमेंटल प्रोटेक्शन एजेंसी) ने सर्टिफिकेट देते हुए कहा कि तांबा 'दो घंटे के भीतरऽ कोरोना वायरस को 99.9 प्रतिशत तक खत्म कर देता है। इस सर्टिफिकेट को जारी करते वक्त यूएस-ईपीए (जिसके प्रमाणपत्रों को गोल्ड स्टैंडर्ड माना जाता है) ने कहा कि तांबे से बने वह पदार्थ जिनमें 95.6 प्रतिशत या उससे अधिक तांबा होता है, वह कोरोना वायरस को दो घंटे के भीतर 99.9 प्रतिशत तक खत्म कर सकते हैं और उसके बाद भी कोरोना वायरस को खत्म करने की यह प्रक्रिया सतत जारी रहती है। इससे पहले न्यू इंग्लैंड जर्नल आफ मेडिसिन में वर्ष 2020 में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन में कहा गया था कि कोरोना वायरस तांबे की सतहों पर चार घंटे के भीतर समाप्त हो जाता है, जबकि स्टेनलेस स्टील, गत्ते और प्लास्टिक की सतहों पर यह 72 घंटे तक जीवित रह सकता है। साक्ष्यों और आंकड़ों द्वारा प्रमाणित ये सभी वैज्ञानिक अनुसंधान और शोध-अध्ययन पारंपरिक भारतीय ज्ञान-विज्ञान की बहुत बड़ी जीत है और इस 'जीतऽ का बड़े पैमाने पर उपयोग महामारी से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके स्वास्थ्य, अन्य प्रणालियों और रोजमर्रा के जीवन को फिर से पटरी पर लाने में किया जा सकता है। तांबे का इस्तेमाल अन्य जगहों पर भी बड़े पैमाने पर किया जा सकता है, ताकि कोरोना सहित जाने-अनजाने वायरस और बैक्टीरिया का खतरा कम किया जा सके। उदाहरण के रूप में हम सार्वजनिक परिवहन या पार्क, ऐतिहासिक स्मारकों, पर्यटन स्थलों जैसे सामूहिक उपयोग की जगहों को ले सकते हैं। इनके अंदर हर उस जगह, जो सबसे ज्यादा छुई जाती हो, उसे तांबा या तांबा-मिश्रित धातुओं का बनाया जा सकता है, ताकि लोगों को तमाम कीटाणुओं-विषाणुओं के खिलाफ हर समय सुरक्षा मुहैया कराई जा सके और संक्रमित होने के डर को काफी हद तक कम किया जा सके। आधुनिक विज्ञान की ओर से मान्यता : यह हम सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है ।

# क्या है प्रकृति और जैविकी की अन्योन्याश्रित सैद्धांतिकी, पृथ्वी दिवस के अवसर पर इसे जरूर जानना चाहिए

मानव समाज के साथ-साथ संपूर्ण चेतन और अचेतन जगत जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापन से पैदा समस्याओं के बीच अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। भविष्य में इन समस्याओं की गहनता बढ? की आशंकाएं हैं। जलवायु संबंधी चरम घटनाएं जैसे तापमान एवं समुद्री जल स्तर में वृद्धि, मरुस्थलों का बढ़ता दायरा, हिमनदों का पिघलना, बेमौसम वर्षा, आंधी-तूफान, चक्रवात, बाढ़ और सूखा के साथ ही जल, वायु और मिट्टी का गंभीर स्तर तक प्रदूषण आदि वसुधा के स्वास्थ्य को कैंसर की तरह निगल रहे हैं। इनकी मूल वजह प्रकृति विरोधी कृषि को प्रोत्साहन और नगरीकरण व उद्योगीकरण जनित लाभों को ही विकास का मापदंड मानना है। आज मानव समाज अपने मूल स्वभाव 'लेस इज मोरऽ को त्याग कर 'मोर इज लेसऽ की मनोभावना से ग्रसित हो गया है। मानव समाज की चिंतन प्रक्रिया से 'वसुधैव कुटुंबकमऽ, 'सर्वे भवंतु सुखिनःऽ और विकास के प्रकृति केंद्रित अन्य भारतीय आदर्श लुप्त होते जा रहे हैं। वर्तमान समाज की सुख-सुविधाओं एवं आवश्यकताओं का दायरा असीमित होता जा रहा है। इस विकृत मानसिकता की पूर्ति के लिए प्राकृतिक संसाधनों का 'शोषण के स्तर तक दोहनऽ हमारे जीवन का उद्देश्य बनता जा रहा है। पर्यावरण की सुरक्षा की उपेक्षा और दैनिक जीवन में इसके साथ संबंध 'स्थापितऽ करने के इतर 'तोड?ऽ की प्रवृत्ति पनप रही है, जहां पर्यावरणीय पारिस्थितिकी को ताक पर रखकर मनुष्य अत्यधिक आराम की जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रकृति विरोधी अनेक संसाधनों को विकसित कर रहा है। आइपीसीसी यानी इंटरगवर्नमेंटल पैनल आन क्लाइमेट चेंज की वर्ष 2022 की रिपोर्ट में उल्लिखित है कि पुरा-औद्योगिक काल की तुलना में यदि वैश्विक तापन 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़ जाएगा तो इसके दुष्प्रभाव अपरिवर्तनीय होंगे। सतही एवं भूमिगत जल, नदियों के उद्गम स्थलों एवं मार्गों, हिमनदों, समुद्रतटों और पर्वतों की पारिस्थितिकी पर इसका सर्वाधिक प्रभाव पड़ेगा। इन पारिस्थितिकी क्षेत्रों की वनस्पति एवं जैव विविधता से लेकर मानव जीवन भी इसके दंश का शिकार होंगे। इस रिपोर्ट में यह भी उल्लिखित है कि 3.5 अरब जनसंख्या, जो दुनिया की कुल जनसंख्या का 45 प्रतिशत है, किसी न किसी पर्यावरणीय संकट से घिरी हुई है। इसके साथ ही वर्ष 2050 तक भारत की साढ़े तीन करोड़ से अधिक जनसंख्या को तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का सामना करना पड़ेगा एवं समुद्री जल स्तर में वृद्धि के कारण मुंबई को 162 अरब डालर का नुकसान हो सकता है। साथ ही देश की 40 प्रतिशत आबादी को गुणवत्तापूर्ण जल की उपलब्धता की समस्या से जूझना पड़ सकता है। भारत सहित विश्व के अन्य राष्ट्रों को इन समस्याओं से निदान हेतु त्वरित उपाय करने होंगे। इसकी



शुरुआत भारतीय संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों के शरण में पुनः जाने से होगी। भारतीय संस्कृति पृथ्वी को समस्त जैविक और अजैविक घटकों का 'हाउसऽ नहीं, अपितु 'होमऽ के रूप में स्थापित करती है। 'होमऽ मानने की यह परिकल्पना केवल बौद्धिक और वैज्ञानिक दायरे तक सीमित नहीं है, अपितु 'होमऽ के सभी सदस्यों की तरह पृथ्वी मां के समस्त घटकों में सहजीवन एवं सहअस्तित्व के संबंधों को स्थापित करने का पाथेय है। यही पाथेय हमारे शाश्वत जीवन एवं उसके निर्वहन हेतु सतत विकास यात्रा का मूल मंत्र है। इन पाथेयों की उपेक्षा हमें प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के लिए विवश करती है और पर्यावरण में अनपेक्षित बदलाव कर मानव सभ्यता के अस्तित्व पर प्रशनचिन्ह लगाती है। प्रकृति के साथ मानव समाज की घनिष्ठता कितनी संवेग, संज्ञान और आध्यात्मिकता से जुड़ी हुई है, इसका अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि तथाकथित आधुनिक जीवन व्यतीत करते हुए भी हम शांति की खोज में पृथ्वी मां की ऐसी गोद को तलाशते हैं, जो प्रकृति के मूल तत्वों से संपनन हो, और जहां मानव-जनित प्रदूषण न्यूनतम हो एवं प्रकृति अपने अक्षत रूप में हो। हालांकि यह भी एक समस्या है कि इसे भी मनुष्य ने उद्योग का रूप दे दिया है। ऐसे ही हमारी लोक परंपराओं, संस्कारों, रीति-रिवाजों एवं विभिनन क्षेत्रों व समुदायों की दैनिक चर्या में प्रकृति संरक्षण हेतु प्रचुर मात्रा में निहित अतुलनीय उपाय हैं। हमारे लोक-पर्वों में भी इनका जीवंत रूप देखा जा सकता है। भारतीय सभ्यता में पृथ्वी के सभी घटक मात्र संसाधन ही नहीं, अपितु प्राकृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन के बीच सामंजस्य की मजबूत कड़ी हैं। इस कड़ी को सुदृढ़ करने के लिए भारत सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। कार्बन उत्सर्जन को कम करना हो या वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को खोजना, विकास के वैकल्पिक प्रयोगों को आगे बढ़ाना हो या सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के अन्य मामलों को प्राथमिकता में शामिल करना, इन सभी संदर्भों और प्रकरणों में भारत अपनी सार्थक एवं प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन और नमामि गंगे योजना इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मंच से पंचमित्र योजना की घोषणा की। इसमें वर्ष 2030 तक गैर जीवाश्म ईंधन की क्षमता को 500 गीगावाट करना, कुल ऊर्जा की आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से पूरा करना, कार्बन उत्सर्जन को एक अरब टन कम करने के साथ ही अर्थव्यवस्था में कार्बन की सघनता को 45 प्रतिशत तक कम करना शामिल है। इन तमाम प्रयासों के उपरांत अंततः वर्ष 2070 तक भारत शून्य उत्सर्जन वाले देशों में सम्मिलित हो सकेगा। इस योजना की संपूर्ण विश्व में सराहना की गई है। आज हम सभी को मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि हम इन उद्देश्यों और भारतीय संस्कृति में निहित प्रकृति एवं जैविकी की अन्योन्याश्रिता की सैद्धांतिकी को जीवन का ध्येय मानकर पृथ्वी के सभी घटकों को सर्वथा स्वस्थ रखें, ताकि उसकी गोद में मानव सभ्यता युगांत तक फलती-फूलती रहे। पृथ्वी दिवस मनाना तभी सार्थक होगा।

# धरती पर जीवन बचाने के लिए गंभीर प्रयास करने की क्यों है आवश्यकता

एक बार फिर आज हम पृथ्वी दिवस मना रहे हैं, ताकि पृथ्वी के प्रति कुछ गंभीरता दिखा सकें। पर सच तो यह है कि आज तक हम पृथ्वी को समझ ही नहीं पाए हैं। उसकी समझ साथ में होती तो आज परिस्थितियां बदतर नहीं हो पातीं, जिसे अब गंभीरता का दर्जा दिया जा रहा है। असल में हमने कभी भी पृथ्वी के बनने और बनाने व इसकी तमाम तरह की प्रक्रियाओं और प्रतिक्रियाओं को कभी भी अपनी शिक्षा व समझ का हिस्सा बनाया ही नहीं। इतना ही नहीं, पृथ्वी को मां का दर्जा क्यों दिया गया, यह कभी हमने अपनी शिक्षा में परोसा ही नहीं। 'माता भूमिः, पुत्रो अहं पृथिव्याःऽ जो कि भारत की संस्कृति और शास्त्रों द्वारा पृथ्वी के विश्लेषण का सूत्र है, उसे बांटा ही नहीं। खुद हम नहीं समझ पाए तो शायद हम अन्य देश और दुनिया को कैसे बांट पाते। लगभग 4.6 अरब वर्ष पहले जब एक ब्रह्मांड की घटना जिसे सुपरनोवा का दर्जा दिया जाता है, उसमें सूर्य और पृथ्वी का जन्म हुआ। साथ में लगभग 20 और ग्रह भी अस्तित्व में आए। लेकिन इन सबमें जीवन अगर कहीं संभव था तो वह पृथ्वी में ही था। उसके बहुत से कारणों में यह था कि यहां पानी था, गुरुत्वाकर्षण की दृष्टि में यह बेहतर और सही ग्रह के बीच



में था। तीसरी बात सूरज से अधिक दूरी होने के कारण यहां तापक्रम सहनीय होने के साथ सहज जीवन में लाने के लिए सक्षम था और इन्हीं कारणों से पृथ्वी में जीवन पनपा। लेकिन आज हम जिस तरह से पृथ्वी का शोषण कर रहे हैं या तथाकथित विकास के नाम पर अपनी सुविधाओं के रास्ते तैयार कर रहे हैं, यह पृथ्वी को समाप्ति की ओर ले जा सकता है। पृथ्वी पर पहला जीवन लगभग 3.9 अरब वर्ष पहले अस्तित्व में आया। इस बात के लिए हमें आश्चर्यचकित नहीं होना चाहिए कि पृथ्वी पर मनुष्य का जन्म महज एक लाख साल पुरानी घटना है और इस प्रजाति को पनपने में भी करीब 20 लाख साल लगे। दरअसल पहले मनुष्य से जुड़ी प्रजाति 20 लाख साल पहले होमियो हिबलिस और फिर रैक्टश के नाम से आई थी, लेकिन करीब 90 साल पहले होमोसेपियन जो वर्तमान मनुष्य है, उसने जन्म लिया और इसी कहानी में करीब 12 हजार साल पहले नई सभ्यता ने जन्म लिया, जहां मनुष्य ने अपने लिए तमाम तरह की सुविधाएं जुटाने की शुरुआत की, जिसे हमने सभ्यता का दर्जा दिया।इस सभ्यता में तब शायद संस्कृति और प्रकृति के प्रति सम्मान भी जुड़ा था, लेकिन इन 12 हजार वर्षों में हमने बहुत कुछ बदल दिया है और पांच हजार साल से हम जीवन की एक नई शैली की बढ़ चले हैं। पृथ्वी की बर्बादी की यात्रा यहीं से आरंभ हुई मानी जाती है। यह भी वैज्ञानिक तथ्य है कि कितनी भी बड़ी घटना पृथ्वी पर हो जाए और एक बार सारे जीवन खत्म भी हो जाएं, फिर भी जीवन पनपेगा, क्योंकि समुद्र जीवन का सबसे बड़ा कारक है, परंतु वर्तमान मनुष्य जो अपनी जीवन की बेहतरी के लिए इतना लालायित है कि वह विकास के दंश को नहीं देख पा रहा है, उसे ही सोचना होगा कि जिस तरीके से उसकी जीवन शैली विकसित हो रही है, वह उसके अस्तित्व को ही नष्ट कर सकती है। एक सरल सा आंकड़ा है कि अगर हम 4.6 अरब को 46 वर्षों में बदल दें तो मनुष्य का जन्म मात्र तीन से चार घंटे पहले हुआ और इसी समय करीब 40 से 45 मिनट पहले औद्योगिक क्रांति आई। यही वह समय था जब प्रदूषण और प्रकृति से बड़ी छेड़छाड़ हुई और मात्र इस 40 मिनट में हमने 46 साल की पृथ्वी मां को बर्बाद करना शुरू कर दिया, लेकिन हम भूल गए कि हम पृथ्वी को समाप्त नहीं कर पाएंगे, बल्कि जिस तरीके से हम अपनी जीवन शैली तय कर रहे हैं, हम खुद को समाप्ति की ओर ले जाएंगे।

# आतंकियों और उसके समर्थकों का तैयार हो रहा है डाटाबेस; हथियारों की तस्करी करने वालों पर भी कसेगा शिकंजा, जानें कैसे




आतंकवाद को मानवाधिकारों का सबसे बड़ा रूप बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई मानवाधिकारों के विपरीत नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि देश भर में आतंकियों और उनके समर्थकों का डाटाबेस तैयार हो रहा है। इसके साथ ही मादक पदार्थों व हथियारों की तस्करी, हवाला, नकली नोट के धंधे से जुड़े अपराधियों का डाटाबेस तैयार करने का काम भी चल रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) के 13वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करने में एनआइए की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, 'आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई मानवाधिकारों के विपरीत नहीं हो सकती। आतंकवाद का समूल नाश मानव अधिकारों की रक्षा के लिए बहुत जरूरी है। आतंक के जुड़े मामले में सटीक जांच और पुख्ता सुबूतों के आधार पर 93 प्रतिशत से अधिक आरोपियों को सजा दिलाने में एनआइए की सफलता को अहम बताया। जांच को डिजिटल, फारेंसिक, डाटा और इंफोर्मेशन पर आधारित बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में अलग-अलग क्षेत्रों में राष्ट्रीय डाटाबेस बनाने का काम सही दिशा में चल रहा है। एक बार डाटाबेस तैयार हो जाने के बाद केंद्र के साथ-साथ राज्य की पुलिस एजेंसियों को जांच में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को आतंकी गतिविधियों से जोड़ने के आतंकी संगठनों के तौर तरीकों के विश्लेषण के लिए अलग से माडस आपरेंडी ब्यूरो बनाया गया है। इससे युवाओं को आतंकी गतिविधियों में शामिल होने से रोकने में मदद मिलेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में टेरर फंडिंग के मामलों की जांच कर ओवरग्राउंड वर्कर्स, स्लीपर सेल और सफेदपोशों को बेनकाब करने के लिए एनआइए की तारीफ की। उन्होंने कहा कि एनआइए ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने की दिशा में बहुत बड़ी सहायता की है। नरेन्द्र मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति सरकार भारत से आतंकवाद को खत्म करने के लिए कर रही काम एनआइए ने टेरर फंडिंग मामले में 105 केस दर्ज किए हैं। इससे जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने में मदद मिली इन मामलों में 876 आरोपियों के खिलाफ 94 चार्जशीट दाखिल की गई है और 100 को अदालत ने सजा भी सुनाई है। दुनिया को अहसास होने लगा है कि आतंकवाद को समाप्त करने का लक्ष्य भारत के बिना हासिल नहीं किया जा सकता पांच ट्रिलियन डालर की अर्थव्यस्था के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना जरूरी'मानवाधिकार संगठनों से मेरे कुछ कुछ मतभेद हैं। जब भी कोई आतंकवाद विरोधी कार्रवाई होती है, तो कुछ मानवाधिकार समूह इस मुद्दे को उठाने के लिए आगे आ जाते हैं।

# प्रोन्नति में आरक्षण के मामले में एससी-एसटी संगठन ने बिहार की अपील वापस लेने की याचिका का किया विरोध, जानें क्या कहा

अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) को प्रोननति में आरक्षण मामले में गुरुवार को आल इंडिया कंफेडरेशन आफ एससी एंड एसटी आर्गेनाइजेशन की बिहार इकाई ने सुप्रीम कोर्ट से बिहार सरकार के अपील वापस लेने का कड़ा विरोध किया। संगठन की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार के अपील वापस लेने से उनके संगठन के सदस्यों के हित प्रभावित होंगे। जिन लोगों को प्रोननति मिल चुकी है वे अवनत किए जा सकते हैं। हालांकि बिहार सरकार ने संगठन के विरोध पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस संगठन का बिहार के मामले से कोई लेना देना नहीं है और यह उसके अपील वापस लेने का विरोध नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 मई तक टालते हुए संगठन से कहा है कि वह हलफनामा दाखिल कर बताए कि बिहार सरकार के अपील वापस लेने से किस तरह और कितने लोग प्रभावित होंगे। ये आदेश न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने एससी एसटी को प्रोननति में आरक्षण मामले में सुनवाई के दौरान दिए। मालूम हो कि बिहार में एससी एसटी को प्रोननति में आरक्षण देने का 21 अगस्त, 2012 का प्रस्ताव और उसके बाद राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया आदेश पटना हाई कोर्ट की एकल पीठ ने 4 मई, 2015 को रद कर दिया था। जिसके खिलाफ बिहार सरकार ने हाई कोर्ट में ही खंडपीठ के समक्ष अपील की लेकिन खंडपीठ ने 30 जुलाई, 2015 को बिहार सरकार की अपील खारिज कर दी थी। जिसके बाद बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर हाई



कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। लेकिन अब बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में नई अर्जी दाखिल कर अपनी विशेष अनुमित याचिका वापस लेने की इजाजत मांगी है। बिहार सरकार का कहना है कि वह सुप्रीम कोर्ट के गत 28 जनवरी के आदेश का पालन करेगी और इसके लिए वह नए सिरे से कैडरवार आंकड़े एकत्र कर रही है। बिहार सरकार के अनुरोध पर मामला सुनवाई पर लगा था लेकिन एससी एसटी संगठन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील इंद्रा जयसिंह ने बिहार के विशेष अनुमित याचिका (अपील) वापस लेने का जोरदार विरोध किया। जयसिंह ने कहा कि बिहार की अपील के अलावा भी पटना हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ चार पांच याचिकाएं लंबित हैं। सरकार अपील वापस ले लेगी तो जिन्हें प्रोननति मिल चुकी है वे अवनत हो जाएंगे। इन दलीलों पर कोर्ट ने कहा कि सरकार के याचिका वापस लेने से उनका संगठन कैसे प्रभावित हो रहा है और अगर राज्य सरकार याचिका वापस लेना चाहती है तो कैसे रोका जा सकता है। जयसिंह ने कहा कि यह राज्य सरकार की चाल है। राज्य सरकार के पास कैडरवार आंकड़े हैं जो कि ये पेश नहीं कर रही। जयसिंह ने कोर्ट से मामले की सुनवाई कम से कम 11 मई तक टालने का आग्रह करते हुए कहा कि उस दिन केंद्र सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई होगी उसके बाद ही कोर्ट बिहार की अर्जी पर विचार करे। बिहार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील पीएस पटवालिया ने संगठन के विरोध पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह संगठन हाईकोर्ट में पक्षकार नहीं था। यह सरकार के याचिका वापस लेने का विरोध नहीं कर सकते। यह भी कहा कि इस संगठन का कोई कर्मचारी प्रोनन्त नहीं हुआ है। कोर्ट इन्हें आदेश दे कि ये हलफनामा दाखिल कर बताएं कि इनके कौन से कर्मचारी प्रोनन्त हुए थे जो कि याचिका वापस लेने से अवनत हो जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने पंजाब कांग्रेस अयक्ष का कार्यभार संभाला, भारत भूषण आशु ने भी ली शपथ

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह वड़िंग ने आज कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर आयोजित समारोह में अमरिंदर सिंह वड़िंग ने पंजाब कांग्रेस अयक्ष पद और भारत भूषण आशु ने कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। समारोह में पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू भी पहुंचे हुए थे, लेकिन उन्होंने स्टेज से दूरी बनाई। राजा वड़िंग और आशु ने पदभार ग्रहण करने के दौरान समारोह में राष्ट्रगान में हिस्सा लिया। समारोह में कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारियों टोपी पहना कर वड़िंग का स्वागत किया। समारोह में पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, कांग्रेस के विधायक और पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक मौजूद थे। समारोह में पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू कुछ बाद पहुंचे। सिद्धू पहले कांग्रेस भवन पहुंचे थे, लेकिन राजा वडिंग के आने से पहले ही चले गए। इसके कुछ देर बाद सिद्धू फिर वहां पहुंचे और उन्होंने अमरिंदर सिंह राज वड़िंग झप्पी भी दी। बता दें कि सिद्धू आजकल कांग्रेस के बागी नेताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं। ऐसे में राजा वड़िंग ने उनका नाम लिए बगैर वीरवार को चेतावनी भी दी थी। समारोह में सांसद मनीष तिवारी भी मौजूद थे। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रधान सुनील जाखड़ भी समारोह में दिखाई नहीं दिए।

### हरियाणा के चर्चित आइएएस अशोक खेमका पर करप्शन मामले में कसा शिकंजा

**पंचकूल।** हरियाणा के वरिष्ठ आइएएस अधिकारी डा. अशोक खेमका पर भ्रष्टाचार के मामले में शिकंजा कस गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी मुहिम और एक्शन के कारण खेमका देशभर में चर्चित रहे हैं और माना जाता है कि अपने अब तक के सेवाकाल में उनको 52 बार तबादले का सामना इसी कारण करना पड़ा है। खेमका पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के मामले में बड़े खुलासे हुए हैं। इस मामले में पंचकूला के सेक्टर पांच थाने में पहुंची शिकायत को लेकर यह समाचार लिखे जाने तक एफआइआर तो दर्ज नहीं की गई थी, लेकिन जांच में अशोक खेमका की मुसीबतें बढ़ती दिख रही हैं।

# उत्तर प्रदेश के नए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक पहुंचे सीतापुर

(आधुनिक समाचार सेव)
आशीष त्रिवेदी

**सीतापुर ।**योगी आदित्यनाथ की दूसरे कार्यकाल में उप मुख्यमंत्री बनाए गए बृजेश पाठक ने सीतापुर की महमूदाबाद सीएससी का किया निरीक्षण सामान्य वेश में वह पहुंचे जनता के बीच लाइन में लगकर पर्चा बनवाना लोगों के बीच पहुंच कर उनकी सुनी समस्याएं अचानक सीएससी में उनके पहुंचाने से मचा हड़कंप अधिकारियों की लगी फटकार।



# अप्रेंटिस मेले में 1017 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप कौशल विकास मिशन के अंतर्गत युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज राजकीय आईटीआई नोएडा में जिलाधिकारी सुहास एलवाई के द्वारा फीता काटकर अप्रेंटिस मेले का शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में माननीय विधायक तेजपाल नागर व मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर माननीय विधायक एवं जिला अधिकारी के द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिए चयन किए गए अभ्यथिर्यों को अप्वाइंटमेंट लेटर भी वितरित किए गए। राजकीय आईटीआई नोएडा के प्रधानाचार्य/ नोडल अधिकारी मनोज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज आयोजित होने वाले अप्रेंटिस मेले में जनपद गौतम बुद्ध नगर के 94 औद्योगिक प्रतिष्ठानों के द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें 1284 अभ्याथिर्यों के द्वारा उपस्थित होकर साक्षात्कार दिया गया, जिनमें से 1017 अभ्यथिर्यों का चयन अप्रेंटिसशिप के लिए किया गया। इस अवसर पर जनपद स्थित अन्य स्थानों के प्रधानाचार्य तथा सभी आईटीआई के कर्मचारियों के द्वारा अप्रेंटिस मेल को सफल बनाने में अपना योगदान दिया गया।

# ग्राम पंचायत करताहा मे मैहर एसडीएम धर्मेंद्र मिश्रा ने अमृत सरोवर का किया भूमिपूजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
दिनेश यादव

**मैहर।**जलाअभिषेक अभियान के अंतर्गत ग्राम अमृत सरोवर के तहत जनभागीदारी मनरेगा एवं अन्य योजना के अभिकरण मैहर में 12 तालाबों का निर्माण किया जाना है जिसके लिए मैहर एसडीएम धर्मेंद्र मिश्रा ने नादन छेत्र के ग्राम करतहा में नए तालाब के लिए भूमि पूजन किया गया इस अभियान के तहत मैहर जनपद पंचायत अंतर्गत 12 तालाबों का निर्माण किया जाना है



# आजम खान का हाल-चाल लेने सीतापुर जेल पहुंचे शिवपाल यादव



(आधुनिक समाचार सेव)
आशीष त्रिवेदी

**सीतापुर ।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर मुस्लिम नेता आजम खान कई महीनों से सीतापुर जेल में बंद है आज सांसद एवं विधायक शिवपाल यादव ने सीतापुर जेल पहुंचकर आजम खान से तकरीबन 1 घंटे तक मुलाकात की, जेल से बाहर निकलकर मीडिया कर्मियों से बात चीत के दौरान समाजवादी पार्टी द्वारा आजम खान की कद्र न करने का आरोप भी लगाया।

# ग्रेटर नोएडा में भाजपा महिला मोर्चा ने चलाया पोषण अभियान

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।**भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के दुजाना गांव में महिला मोर्चा की ओर से पोषण अभियान कार्यक्रम का रन पाल , भाई मनीष ,जय भगवान, बबलू गुर्जर आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम में पोषण अभियान के विषय में चर्चा के साथ ,महिलाओं को जागरूक किया गया। मुख्या अथिति गीता शाक्य ने कहा मातृशक्ति को अपने खानपान पर



आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद /प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता शाक्य, मौजूद रहीं। इसके अलावा क्षेत्रीय अध्यक्ष वर्षा कौशिक , प्रभारी कादंबरी कौशिक ,दादरी चेयरमैन गीता पंडित, जिला अध्यक्ष रजनी तोमर, उपाध्यक्ष बहन पूनम सिंह ,सविता गुर्जर, बहन संगीता सिंह , संगीता रावल महामंत्री बहन शांति सिंह, बहन राजबाला, बहन अरुणा शर्मा, मुकेश भाटी ,ज्योति सिंह, रंजना सिंह, रीना सि प्रीति भारद्वाज और मंडल अध्यक्ष अंजना त्यागी ,जेल विजिटर डॉक्टर सुरेंद्र सिंह नाग और दुजाना गांव के प्रधान बहुत विशेष रूप से ध्यान देना जरूरी है, महिला शक्ति अगर मजबूत रहेगी तो घर का नीव मजबूत रहेगा। उन्होंने कहा योगी और मोदी जी सबसे पहले महिलाओं के बारे में सोचते हैं. इसलिए पोषण अभियान चलाया गया है। गीता शाक्य का कहना था महिलाओं का एक नया जन्म होता है शिशु को जन्म देते समय..पोषण अभियान के तहत लगभग 200 बहने गर्भवती बहने, आंगनवाड़ी बहने और एनम बहने वहां उपस्थित रहे सभी को फल पोषण तत्व जूस देकर सम्मानित किया गया, और उनको इस विषय में जागरूक किया गया।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थी बैंक खातों से आधार को कराएं लिंक

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** दिव्यांगजन सशक्ति करण अधिकारी गौतम बुद्ध नगर लवेश कुमार सिसौदिया ने दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग से पेंशन प्राप्त कर रहे लाभाथिर्यों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के तहत समस्त पेंशनरों को आधार बैंक खातों से लिंक कराना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में पेंशन की धनराशि खातों में स्थानांतरित नहीं की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि सभी पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थी अपने बैंक की पासबुक एवं आधार कार्ड लेकर कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्ति करण अधिकारी कमरा नंबर 107 विकास भवन गौतम बुद्ध नगर में जमा कराना सुनिश्चित करें, जिससे की आपके पेंशन में आधार लिंक का कार्य किया जा सके। उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी।

# स्वास्थ्य मेले में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से जन सामान्य को किया जाएगा लाभान्वित

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।**उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर के समस्त ब्लॉकों में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य इकाइयों में 18 से 23 अप्रैल 2022 के मध्य ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाना है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्टाल लगाकर मातृ शिशु स्वास्थ्य परिवार कल्याण, संचारी एवं गैर संचारी रोग संबंधी सेवाएं प्रदान की जाएंगी तथा नेत्र बधिरता एवं ओरल हेल्थ संबंधी जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया जा रहा है। इसी के साथ साथ आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेलों में अन्य सहयोगी विभाग डिपार्टमेंट ऑफ फूड सेफ्टी, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, संस्कृति विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण एवं शहरी विकास विभाग, विकलांग कल्याण विभाग तथा आयुष्मान भारत साचीज विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों मे संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपरख रूप से जानकारी आम नागरिकों को दी जा रही है, ताकि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। जिला अधिकारी ने समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ब्लॉकों में स्वास्थ्य मेलों का आयोजन कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से एक है, इसीलिए समस्त विभागीय अधिकारी समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करते हुए अपने-अपने विभागों में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेले में अपने स्टॉल लगाकर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई जाए। इसी क्रम में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जनपद गौतम बुद्ध नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसरख में 23 अप्रैल 2022 दिन शनिवार को स्वास्थ्य मेलें का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने समस्त जनपद वासियों का आह्वान करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसरख में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य एवं अन्य सहयोगी विभागों के द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं के संबंध में स्टाल लगाकर विस्तारपरक रूप से जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। अतः आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेलें में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदेश सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का लाभ अवश्य उठाएं, ताकि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आप तक आसानी से पहुंच सके।उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी ।

# सचिव एवं रोजगार सहायक अपने दायित्वों का निर्वहन करें निष्ठापूर्वक - सीईओ जिला पंचायत सीईओ ने सचिव एवं रोजगार सहायकों की ली बैठक, दिए सख्त निर्देश

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हिमांशु चन्द्र ने आज जिला मुख्यालय के मानस भवन शहडोल में सचिव, रोजगार सहायकों की विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे पीएम आवासों को पात्र हितग्राहियों को दिलाने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में पात्र हितग्राही पीएम आवास से वंचित न रहे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बैठक में सचिव, रोजगार सहायकों को कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूवर्क करें व पात्र



हितग्राहियों को पीएम आवास देकर बेसहारा, पात्र लोंगों का सपना साकार करें। अच्छे कार्य करने वाले सचिव, रोजगार सहायकों सहित अन्य अधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन पीएम आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा हितग्राहियों के खातें में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्तों का भुगतान भी कराएं एवं इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते अन्यथा कार्यवाही की जाएगीं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोंगों को सेटरिंग के कार्य दिलाए तथा शत-प्रतिशत मस्टर रोल के कार्य में तेजी लाना भी सुनिश्चित करें। पीएम आवास के हितग्राहियों को रेत हेतु ग्राम पंचायत से पर्ची जारी करे जिससे उन्हें रेत परिवहन में कठिनाई न हो, पीएम आवास के हितग्राहियों के उपयोग हेतु रेत की ठेकेदारी या अधिक दर पर रेत दिलाने की शिकायत नही आनी चाहिए अन्यथा एफआईआर की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास की निर्धारित एरिया में ही आवास का निर्माण होना चाहिए तथा मजदूरों की मजदूरी का भुगतान समय पर सुनिश्चित हो। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि स्वीकृत हो चुके अमृत सरोवर के कार्य को 15 जून 2022 तक हर हालत में पूर्ण कराएं तथा उनकी गुणवत्ता भी बेहतर होना चाहिए। इसी प्रकार बैठक में अन्य कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में परियोजना अधिकारी पी सातपुते,श्री सुनील गुप्ता, ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

# राजनीति में तीन दशक से प्रासंगिक बने हुए हैं लालू यादव, बड़ा सवाल क्या जमानत के बाद आएंगे बिहार

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को चारा घोटाला के डोरंडा कोषागार मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को जमानत दे दी। करीब 75 साल के हो चुके लालू का 32 सालों के राजनीतिक जीवन ( में कई उतार-चढ़ाव आए और गए, लेकिन बिहार की राजनीति में वे हमेशा प्रासंगिक बने रहे। लालू चारा घोटाला के विभिन्न मामलों में लंबे समय तक रांची के होटवार जेल में रहे। जेल में रहने तथा उम्र व बीमारी के असर के बावजूद वे बिहार में विपक्ष की राजनीति की धुरी बने रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या चारा घोटाला में जमानत के बाद वे बिहार आएंगे उनके आने पर एक बार फिर राज्य की राजनीतिक गर्मी का बढ़ना तय माना जा रहा है। समर्थन हो या विरोध, लालू बिहार की राजनीति में अहम किरदार रहे हैं। वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नीतीश कुमार सरकार के रोजगार, विकास या कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर बात भी लालू राज तक चली जाती है। वर्तमान सरकार के नेता लालू-राबड़ी राज की याद दिला अपने काम की तुलना उस काल से करते हैं। बीते विधानसभा व लोकसभा चुनावों के प्रचार को देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित सत्ता पक्ष के सभी नेताओं के निशाने पर लालू व उनका परिवार रहा। दूसरी ओर आरजेडी ने लालू को दबे-कुचलों को आवाज देने वाला तथा गरीबों का मसीहा बताने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गत लोकसभा चुनाव में आरजेडी को करारी हार मिलने के बाद लगा था कि बिहार में लालू प्रासंगिक नहीं रहे। उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर भी सवाल खड़े किए गए। लेकिन लालू राजनीति में बने रहे और



समय के साथ मजबूत बनकर उभरे। बीते बिहार विधानसभा चुनाव में आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। इससे तेजस्वी का कद बढ़ा, बल्कि लालू को भी को मजबूती मिली। हालिया बिहार विधान परिषद चुनाव में आरजेडी ने छह सीटें हासिल की। इसके बाद वह परिषद में राबड़ी देवी को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दिलाने में कामयाब रहा। इसके तुरंत बाद बिहार विधानसभा की बोचहां सीट के लिए उपचुनाव में भी आरजेडी ने जीत हासिल की। हालिया चुनावी जीतों ने आरजेडी को मजबूत कर लालू की प्रासंगिकता को भी बढ़ा दिया है। लालू का जनता से, खासकर ग्रामीण इलाकों में ठेठ अंदाज में कनेक्ट करने की काबिलियत उन्हें दूसरों से अलग करती है। लालू ने बिहार में जातिवाद की सच्चाई को समझ अपनी सोशल इंजीनियरिंग में यादवों के साथ मुसलमानों को जोड़कर एम-वाई समीकरण बनाया। आरजेडी के इस एम-वाई समीकरण में अब अन्य राजनीतिक दलों ने सेंध लगा दी है। साथ ही दलित-मुस्लिम, दलित-महादलित आदि कई नए वोट बैंक भी उभरे हैं। बताया जाता है कि ऐसे में आरजेडी ने अपने परंपरागत एम-वाई समीकरण को विस्तार देते हुए अब सभी जातियों व सुमदायों को साथ लेकर चलने की 'ए-टू-जेड' नीति बनाई है। हाल के एमएलसी व विधानसभा उपचुनाव में इस नीति को सफलता भी मिली है। सत्ता पक्ष इसे आरजेडी के लालू की नीति से हटना मानता है, लेकिन आरजेडी के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी कहते हैं कि उनकी पार्टी तो आरंभ से ही सबो को साथ लेकर चलती रही है।

# नीतीश और तेजस्वी का मिलन

**पटना।** पटना में आज नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इफ्तार पार्टी का आयोजन किया है। कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई बड़ी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित



शाह को लालू के विधायक बेटे तेजप्रताप यादव ने न्योता दे दिया है। पार्टी के आयोजन से पहले राजद को बड़ी खुशखबरी मिली है। चारा घोटाले के पांच मामलों के सजायाफ्ता राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को झारखंड हाई कोर्ट से जमानत मिल गई है। दूसरी बड़ी खबर ये है कि राजद की इफ्तार पार्टी में नीतीश कुमार भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने राबड़ी आवास पर आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल होने का आमंत्रण स्वीकार कर लिया है। शुक्रवार की शाम को उनकी आयोजन के दौरान तेजस्वी-राबड़ी के साथ ही राजद नेताओं से मुलाकात होगी। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की ओर से बढ़ती उम्र और करीब 17 प्रकार की बीमारियों का हवाला दिया गया था। इसको लेकर जमानत देने की गुहार लगाई गई थी। लालू की ओर से अदालत में दलील दी गई थी कि उन्होंने चारा घोटाला मामले में 41 माह जेल में बिताए हैं। सजा की आधी अवधि 30 महीने ही होती है। कहा गया था कि वे आधी सजा से 11 माह अधिक समय तक जेल में रहे हैं। ऐसे में उन्हें अदालत से जमानत की सुविधा मिलनी चाहिए। इसे देखते हुए कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है। बड़ी बात यह है कि शुक्रवार की शाम को ही पटना में राजद की इफ्तार पार्टी भी है। इधर, राबड़ी देवी के आवास पर आयोजित इफ्तार पार्टी की तैयारियां तेज हैं। आयोजन में सांसद चिराग पासवान और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी को भी निमंत्रम दिया गया है। इफ्तार को लेकर राजद के प्रदेश महासचिव विनोद यादव ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए अलग-अलग दस समितियां बनाकर सबकी जिम्मेदारी तय कर दी गई है। सांसदों-विधायकों एवं राजद के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के लिए वीवीआइपी पंडाल बनाया गया है।

# नमाज के मद्देनजर और कड़ी की गई सुरक्षा, हिंसा प्रभावित जहांगीरपुरी में लगाए जा रहे सीसीटीवी

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके में 16 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। लगातार छठे दिन भी हिंसा प्रभावित इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। रमजान के पाक महीने के दौरान किसी तरह तरह का को कोई बवाल नहीं हो, इसलिए लिए बच्चे नहीं आए, हालांकि इस फरमान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, हिंसा प्रभावित जहांगीरपुरी में सुरक्षा के लिहाज से हालात पर नजर रखने के लिए जगह-जगह सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। वहीं, बृहस्पतिवार को अहम सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जहांगीरपुरी मामले में कोर्ट ने नगर निगम, पुलिस और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। अब इस मामले की नौ मई को सुनवाई होगी।वहीं, सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि उसके आदेश के बारे में संबंधित अथारिटीज को जानकारी देने के



जहांगीरपुरी हिंसा के बाद पहली जुमे की नमाज पर शुक्रवार सुबह से ही पुलिसकर्मी अधिक संख्या में हैं और पूरी तरह से अलर्ट पर हैं। बताया जा रहा है कि इस बाबत जामा मस्जिद प्रबंधन की ओर से अपील भी की गई है कि शुक्रवार को जूमने की नमाज के जहांगीरपुरी इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर चलाने पर फिलहाल रोक लगा दी है। सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगले आदेश तक जहांगीरपुरी इलाके में यथास्थिति बनाए रखी जाए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट की ओर से बाद भी डिमोलिशन जारी रहा। इस पर एसजी मेहता ने कहा, अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई पहले से हो रही है। 19 अप्रैल को कार्रवाई का पांचवां मौका था। 2021 में दिल्ली हाई कोर्ट ने सड़कों से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था।

# ’जर्सी’ स्टार शाहिद कपूर के चौके-छक्कों ने जीता इस तेलुगू स्टार का दिल, फिल्म के लिए की जमकर तारीफ

**नई दिल्ली।** अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म ’जर्सी’ कई बार टलने के बाद आखिरकार आज रिलीज हो ही गई और ऐसे लग रहा है कि शाहिद के चौके व छक्के दर्शकों को लुभाने में कामयाब हो रहे हैं क्योकि फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस बीच फिल्म की तरीफ एक ऐसे शख्स ने की है, जो पूरी फिल्म की यूनिट के लिए काफी खास होने वाली है। दरअसल, जर्सी के तेलुगू वर्जन के लीड एक्टर नानी ने शाहिद कपूर स्टारर हिन्दी रीमेक की तारीफ की है और पूरी टीम की प्रशंसा की। शुक्रवार को नानी ने फिल्म को देखने के बाद ट्विटर पर अपना रिव्यू दिया और लिखा, ठजर्सी देखी और हमारे गौतम तिनन्नुरी ने इस बार फिर से हिट मारा है। क्या परफॉर्मेंस है शाहिद कपूर, मृणाल ठाकुर, पंकज कपूर सर और मेरे दोस्त रोनित की। यह सच्च में बहुत अच्छा सिनेमा है। बधाई हो। दरअसल, जर्सी के तेलुगू वर्जन के लीड एक्टर नानी ने शाहिद कपूर स्टारर हिन्दी रीमेक की तारीफ की है और पूरी टीम की प्रशंसा की। शुक्रवार को नानी ने फिल्म को देखने के बाद



ट्विटर पर अपना रिव्यू दिया और लिखा, ठजर्सी देखी और हमारे गौतम तिनन्नुरी ने इस बार फिर से हिट मारा है। क्या परफॉर्मेंस है शाहिद कपूर, मृणाल ठाकुर, पंकज कपूर सर और मेरे दोस्त रोनित की। यह सच्च में बहुत अच्छा सिनेमा है। बधाई हो।आपको बता दें कि गौतम तिननुरी द्वारा निर्देशित फिल्म ’जर्सी’ इसी नाम की सुपरहिट तेलुगु फिल्म का हिंदी रीमेक है, जिसमें सुपरस्टार नानी मुख्य भूमिका में थे। तेलुगु फिल्म ’जर्सी’ का निर्देशन भी गौतम तिननुरी ने ही किया था। ’जर्सी’ की कहानी एक असफल क्रिकेटर अर्जुन (शाहिद कपूर) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बेटे के लिए टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करने के अपने सपने को पूरा करने का फैसला करता है। शाहिद कपूर की यह फिल्म इसी साल 14 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन उसी दिन ’केजीएफ चैप्टर 2’ के रिलीज की घोषणा कर दी गई। ’केजीएफ चैप्टर 2’ के लिए लोगों का क्रेज देखते हुए ’जर्सी’ के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट को कुछ दिनों के लिए आगे बढ़ा दिया। हालांकि, पहले भी कई बार फिल्म की रिलीज डेट को पोस्टपोन किया जा चुका है। जर्सी को सबसे पहले पिछले साल 31 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन कोविड-19 की तीसरी लहर के चलते फिल्म निर्माताओं ने मूवी की रिलीज डेट को पोस्टपोन कर दिया था। अब फिल्म को शुक्रवार 22 अप्रैल को रिलीज किया गया है।

# सिद्धांत चतुर्वेदी की डेटिंग की खबरें जानें क्यों हो रही हैं वायरल, पढ़ें पूरी खबर

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा और अभिनेता सिद्धार्थ चतुर्वेदी के एक-दूसरे को डेट करने की खबरें वायरल हो रही है। अब ताजा



खबर यह है कि नव्या नवेली नंदा और सिद्धांत चतुर्वेदी एक-दूसरे की पोस्ट पर इमोजी भी शेयर कर रहे हैंत् उनकी इमोजी अक्सर सूर्य और चंद्रमा से जुड़ी हुई होती हैत् हालिया पोस्ट को देखकर ऐसा लग रहा है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं दरअसल नव्या नवेली नंदा ने अपने हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट पर कुछ बदलाव किए हैंत् इसके चलते अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी को डेट करने की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल होने लगीत् नव्या ने सिद्धांत की एक तस्वीर पर कमेंट किया था, जिसे बाद में उन्होंने डिलीट कर दिया हैत् इसके चलते भी अफवाहें तेज हो रही है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं इंस्टाग्राम के कई यूजर को भी ऐसा लगता है कि दोनों कपल है और एक-दूसरे को डेट कर रहे हैंत् नव्या नवेली नंदा और सिद्धांत चतुर्वेदी अक्सर एक-दूसरे की पोस्ट पर क्रिप्टिक इमोजी शेयर करते हैंत् उनकी इमोजी में अक्सर सूर्य और चंद्रमा होते हैंत् हाल ही में नव्या ने दो तस्वीरें शेयर की थीत् इसमें उन्हें हिल स्टेशन पर एक रूफटॉप पर देखा जा सकता हैत् उन्होंने फोटो शेयर करते हुए लिखा था, ’फोटोग्राफ्ड बाय द मूनत’ इसके साथ उन्होंने मून की इमोजी शेयर की थी इसके बाद सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपनी हालिया फोटो शेयर की है, जिसमें वह पहाड़ों पर बैठे नजर आ रहे हैंत् उन्होंने लिखा है, ’हिलटॉप पर कहीं बेंच है, यहां पर मैं अपनी पुरानी कन्वर्सेशन शुरू करता चाहता हूंत’ इसपर नव्या ने हंसते हुए सूर्य की इमोजी कमेंट की हैत् इसके अलावा सिद्धांत ने एक वीडियो भी शेयर किया हैत् यह क्लिप वही उसी रूफटॉप का लग रहा है।

# ’गिल्टी माइंड्स’ की एक्ट्रेस श्रिया पिलगांवकर ने कहा- ’लोग कहते हैं, मेरी आदतें मम्मी की तरह हैं’

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर अब खुद को करियर के उस दौर में मानती हैं, जहां वह नए-नए किरदारों के साथ आसानी से प्रयोग कर सकती है। हालिया रिलीज मिनी वेब सीरीज ’मर्डर इन एगोंडा’ में जहां वह फोरेंसिक एक्सपर्ट की भूमिका में



जासूसी करती नजर आईं, वहीं वेब सीरीज ’गिल्टी माइंड्स’ में वह वकील के किरदार में हैं। यह शो अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। करियर के इस दौर और घर के माहौल को लेकर बातचीत। मुझे मर्डर मिस्ट्री और थ्रिलर कहानियों में बहुत दिलचस्पी है। जासूसी से जुड़ी कहानियां तो मैं बचपन से ही पढ़ती आई हूं। मजेदार बात यह है कि उन कहानियों को पढ़ते वक्त किताब खत्म होने से मैं खुद उन मामलों को सुलझाने का प्रयास करती थी। मुझे हमेशा लगता था कि मैं अच्छी जासूस बन सकती हूं। मुझे यह पेशा बहुत अच्छा लगता है, इसलिए मैं एक बार महाराष्ट्र की पहली प्राइवेट महिला जासूस रजनी पंडित से मिली भी हूं। मेरे दिमाग में एक चीज थी कि मुझे किरदार में स्वाभाविक दिखना है। टिपिकल फिल्मी वकील की तरह नहीं। मेरी निर्देशक शेफाली भूषण खुद भी वकीलों के परिवार से आती हैं, उनके पिता और भाई वकील हैं। मुझे उन पर पूरा विश्वास था कि वह ठीक तरीके से मेरा मार्गदर्शन कर पाएंगी। इसकी तैयारी के लिए मैं कई बार कोर्ट गई, अपने वकील दोस्तों से बातचीत कर उनकी कार्यशैली को समझा। यह थोड़ा अलग किस्म का शो है, इसमें वकील बॉलीवुड इंडस्ट्री, कॉपीराइट, डेटिंग ऐप और पानी जैसे सामाजिक मुद्दे पर आधारित अलग-अलग केसेस पर लड़ते हैं। इसमें थोड़ा रोमांटिक एंगल और ड्रामा भी है, जिसमें लोगों को मजा आएगा। कभी-कभी मैं खुद से बहुत सख्ती से पेश आती हूं, तो उसके लिए गिल्टी फील करती हूं। कभी-कभी ओवरथिंकिंग (जरूरत से ज्यादा सोचने) के लिए गिल्टी फील करती हूं, कई बार तो गलत खाना खाने जैसी छोटी-छोटी चीजें पर भी गिल्टी फील करती हूं, लेकिन सिर्फ थोड़ी देर के लिए। जब कभी मैं अपनी मां से झगड़ती हूं, और गुस्से में मैं कुछ तेज आवाज में बोल देती हूं, तो उस वक्त हम दोनों गिल्टी फील करते हैं। वैसे भी झगड़े के बाद मैं ज्यादा देर तक गुस्सा नहीं रह सकती हूं, मैं हंस देती हूं। खुद भी पहले मैं सारी बोल ही देती हूं। (सोचकर) एक प्रोजेक्ट था, मैं उसका नाम तो नहीं बता सकती, पर मुझे उसको लेकर ज्यादा आत्मविश्वास नहीं था, तो मैंने नहीं किया। हालांकि, बाद में वह प्रोजेक्ट बहुत अच्छा बनाया गया। उस समय मुझे लगा कि शायद उसे करना चाहिए था। पर हमेशा उसी सोच में नहीं रह सकती हूं। हर चीज की अपनी किस्मत होती है। आपने नहीं किया, तो नहीं किया। इस कहानी में भी बहुत से ऑडिशन हुए, लेकिन कहानी ने मुझे चुना। ऐसी चीजें तो करियर में होती रहती हैं। लोग अक्सर मुझसे कहते हैं कि मेरी आदतें मेरी मम्मी की तरह है, मेरे हाव-भाव में उन्हें मेरी मम्मी नजर आती है। लेकिन मेरा व्यक्तित्व पापा और मम्मी दोनों की तरह है। लेकिन ये मै जानबूझकर नहीं करती, आप किसी को भी पूरी तरह कॉपी नहीं कर सकते है और यह होना भी नहीं चाहिए। मेरे लिए तो दोनों प्रिय हैं। पापा और मम्मी, दोनों के अनुभव और काम अलग-अलग रहे हैं। मै ठहरी उनकी इकलौती संतान, तो मेरे अंदर दोनों के कुछ न कुछ गुण है।

# केजीएफ 2’ की आंधी में उड़ा बॉक्स ऑफिस, 8वें दिन भी की ताबड़तोड़ कमाई

**नई दिल्ली।** केजीएफ ’चैप्टर 2’ का क्रेज अब लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। नतीजा ये रहा कि फिल्म की रफ्तार अपने रिलीज के 8वें दिन भी चरम पर है। कनन्ड़



स्टार यश के लिए लोगों की दीवानगी है कि कम होने का नाम ही नहीं ले रही। दूसरी तरफ आज ही शाहिद कपूर की जर्सी रिलीज हो रही है, तो ये देखना दिलचस्प होगा कि शाहिद की फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर केजीएफ से टक्कर के बाद कौन आगे निकलने में कामयाब होता है। प्रशांत नील की इस फिल्म के हिन्दी संस्करण ने गुरुवार को साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म ’बाहुबली 2’ का वह रिकॉर्ड भी तोड़ दिया जिसने रिलीज के पहले सात दिनों में बॉक्स ऑफिस पर 246 करोड़ की नेट कमाई की थी। केजीएफ ने सातवें दिन दुनियाभर में 33 करोड़ का बिजनेस किया था। अब गुरुवार के भी आंकड़े सामने आ गए हैं। फिल्म के अबतक के वर्ल्ड वाइड कलेक्शन की बात करें तो ये 676.80 का आंकड़ा पार करने में सफल रही है। पहला दिन- 116 करोड़ दूसरा दिन - 90 करोड़ तीसरा दिन - 81 करोड़ चौथा दिन - 91.7 करोड़ पांचना दिन- 25.57 करोड़ छठा दिन - 19.52 करोड़ सातवां दिन - 33.00 करोड़ बात करें केजीएफ के 8वें दिन की कमाई के तो फिल्म ने वीकेंड में भी उम्दा प्रदर्शन करते हुए 25 करोड़ का बिजनेस किया। जो बीते दिन से काफी बेहतर रहा है। वहीं फिल्म की टोटल कमाई की बात करें तो फिल्म ने अब तक 522.97 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है।यश स्टारर ’केजीएफ चैप्टर 2 के सामने अब फिल्म ’बाहुबली 2’ का रिकॉर्ड है जिसमें इस फिल्म ने साल 2017 में सिर्फ 11 दिनों में 300 करोड़ कमाए थे। तो वहीं इस फिल्म के अलावा अब तक सिर्फ आठ और फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ या उससे ज्यादा की कमाई की है।

# शनाया कपूर से ड्रेस पहनने में हुई इतनी बड़ी चूक वीडियो देख हर यूजर ने कहा इतनी भी क्या जल्दी थी कि

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर संजय कपूर और महीप कपूर की लाड़ली शनाया कपूर फिल्मों में आने से पहले ही काफी चर्चा में आ चुकी हैं। वह जल्ड ही एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने वाली हैं। शनाया अभी से ही सोशल मीडिया स्टार बन चुकी हैं। वह अपने ड्रेसिंग सेंस और स्टाइलिश अंदाज के चलते यूथ के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। शनाया सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर ही अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट कर फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। वहीं फैंस भी उनके फैशन सेंस की खूब तारीफ करते हैं। लेकिन इसी बीच वह अपनी एक जरा सी गलती की वजह से ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं। शनाया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यहां देखें वीडियो शनाया कपूर का वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में बना हुआ है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि ग्रीन कलर की एक



बेहद शॉर्ट बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है। इस दौरान वह किसी रेस्टोरेंट या कैफे के बाहर नजर आ रही हैं। इय दौरान उनकी ड्रेस के पीछे प्राइज टैग जैसा कुछ लटका नजर आ रहा है। शायद शनाया इसे निकालना भूल गईं थीं। इसी वजह से सोशल मीडिया पर फैंस उनकी जमकर टांग खिंचाई करते दिख रहे हैं। शनाया कपूर का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमरक वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर लगातार फैंस के कमेंट्स आ रहे हैं। इस पर कमेंट कर यूजर्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। एक वीडियो पर एक यूजर ने लिखा, ’एक बार पहनकर ड्रेस को बदलने का इरादा है क्या?’ वहीं दूसरे यूजर कमेंट करता है, ’ड्रेस पर लगे प्राइज टैग को तो निकाल लिया होता… इतनी भी क्या जल्दी थी?’ इस तरह के कई और कमेंट्स शनाया के इस वीडियो पर आ रहे हैं। शनाया कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो करण जौहर उन्हें जल्द ही बॉलीवुड में अपनी फिल्म ’बेधड़क’ से लॉन्च करने जा रहे हैं। इस फिल्म में शनाया के साथ लक्ष्य और गुरफतेह को भी बॉलीवुड में इंट्रोड्यूज कर रहे हैं। इस फिल्म के इन तीनों के अब तक अलग-अलग पोस्टर्स और साथ में पोस्टर आउट हो चुके हैं।

# मुनमुन दत्ता ने किया ’बोल्ड’ डांस, ’हॉट’ वीडियो देख फैंस ने कहा, ’क्या बात है बबीता जी’

**नई दिल्ली।**तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बबीता जी की भूमिका निभाने वाली मुनमुन दत्ता ने इंस्टाग्राम पर डेमी लोवाटो के कूल फॉर द समर नामक गाने पर बोल्ड डांस किया हैत् उनका यह वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया हैत् इसे 19 घंटे में 111000 से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैंत् वहीं इसपर 11 सौ से ज्यादा कमेंट किए जा चुके हैंत् कई लोगों ने वीडियो पर दिल और आग की इमोजी भी शेयर की है मुनमुन दत्ता को इंस्टाग्राम पर वीडियो में बोल्ड डांस करते हुए देखा जा सकता हैत् उन्होंने एक टी-शर्ट पहन रखी है और उनके बाल खुले हुए हैं और वह बोल्ड अंदाज में डांस करती हुई नजर आ रही हैत् वीडियो शेयर करते हुए मुनमुन दत्ता ने लिखा है, ’मैं इसे लूप पर बजा रही हूंत’ इसके अलावा उन्होंने ऐसा कई लोगों को हैशटैग भी कर रखा हैत् मुनमुन दत्ता की वीडियो पर फैंस ने अमेजिंग, नाइस, हॉट, ब्यूटीफुल और गॉजियस जैसे कमेंट किए हैंत् वहीं एक फैन ने लिखा है, ’ सो प्रिटीत’ वहीं एक अन्य ने लिखा है, ’क्या बात है मुनमुन दत्ता जीत’ मुनमुन दत्ता में बबीता जी की भूमिका निभाती हैत् उनकी और जेठालाल गड़ा की केमिस्ट्री काफी पसंद की जाती है मुनमुन दत्ता इन दिनों तारक मेहता



वीडियो में टीशर्ट पहन कर डांस करती नजर आ रही हैंत् उन्होंने मेकअप कर रखा हैत् उन्होंने लिपस्टिक लगा रखी हैत् मुनमुन दत्ता तारक मेहता का उल्टा चश्मा का उल्टा चश्मा में टप्पू की भूमिका निभाने वाले राज अनादकट को डेट कर रही हैंत् इसपर मुनमुन दत्ता ने सफाई भी दी थी। वह कई शो में नजर आ चुकी है।

# कियारा आडवाणी ने शाहिद कपूर की फिल्म ‘जर्सी’ की तारीफ, तो अभिनेता ने ‘कबीर सिंह’ बन दिया ये जबाव

**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर अभिनीत फिल्म जर्सी सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को देखने के बाद बॉलीवुड कलाकार और फैंस उनके प्रदर्शन की जमकर तारीफ कर रहे हैं। इसी बीच अभिनेत्री कियारा ने फिल्म कबीर सिंह की अपनी को-स्टार के मैसेज का जबाव देते हुए लिखा, मेरी प्यारी प्रीति आपके शब्द कबीर के दिल में हमेशा रहेंगे, तू मेरी बंदी है। गौतम तिनन्नुरी के निर्देशित इस फिल्म में शाहिद कपूर दो अलग-अलग लुक में नजर आने मृणाल ठाकुर और पंकज कपूर भी अहम किरदार निभा रहे हैं। वहीं, बात अगर कियारा आडवाणी के वर्कफ्रंट की करें तो वो इस साल कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। एक्ट्रेस जल्द ही अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी हॉरर कॉमेडी फिल्म



आडवाणी ने फिल्म देखने के बाद शाहिद कपूर की जमकर प्रशांसा की है और एक्ट्रेस अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक प्यार भरा नोट भी साझा किया है। अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, मेरे प्यारे शाहिद कपूर, आप बहुत खास हैं, आपको अर्जुन के रूप में देखना किसी जादू से कम नहीं है। आपने इसको इतना बेहतरीन कैसे बना दिया। साथ ही उन्होंने फिल्म की पूरी टीम की प्रशंसा की और निर्देशक को इस खूबसूरत फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं, शाहिद कपूर वाले हैं। फिल्म की कहानी एक असफल क्रिकेटर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भारतीय क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद के साथ अपने 3 दशक के बाद क्रिकेट में वापसी करने का फैसला लेता है और अपने बेटे की इच्छा को पूरा करने के लिए उसको जर्सी गिफ्ट करता है। आपको बता दें कि, ‘जर्सी’ फिल्म इसी नाम की तमिल स्पोर्टस ड्रामा फिल्म का रीमेक है इस फिल्म में शाहिद कपूर एक क्रिकेटर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में शाहिद कपूर के अलावा ’भूल भुलैया 2’ में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में कियारा अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ मुख्य किरदार निभाती हुई दिखाई देंगी। ये फिल्म साल 2007 में आई अक्षय कुमार और विद्या बालन की फिल्म भूल भुलैय का सीक्वल है, जिसका निर्माण भूषण कुमार की टी-सीरीज के बैनर तले किया गया है। इनके अलावा अभिनेत्री राज मेहता की फिल्म ’जुग जुग जियों’ में अभिनेता वरुण धवन के साथ नजर आने वाली हैं। यह फिल्म को 24 जून, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# उर्फी जावेद ने ब्रालेट के साथ पहनी ट्रांसपैरेंट पॉलीथीन से बनीं पैंट, आर-पार दिखा सब लोगों ने कहा, ’प्लीज इसे रोको कोई

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर इस वक्त बस उर्फी जावेद के नाम के ही चर्चे होते हैं। उर्फी अपने अजब-गजब फैशन को लेकर खूब सुखियां बटोर रही हैं। अपने ड्रेसिंग सेंस के चलते वह इन दिनों पैपराजी की भी फैवरेट बनीं हुई है। कई बार उन्हें इसके लिए ट्रोल भी किया जाता है। उनके कपड़ों को लेकर ट्रोल्स् ही नहीं बल्कि सेलिब्रिटीज भी उनके कपड़ों को उन्हें लेकर निशाना बनाते दिख रहे हैं। खैर उर्फी इन सब बातों की परवाह किए बिना फैंस के लिए अपनी लेटेस्ट तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट करती रहती हैं। इसी बीच एक बार फिर से उर्फी का नया लुक हर किसी को हैरान करता नजर आ रहा है। उनका एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यहां देखें उर्फी का नया लुक उर्फी जावेद ने एक बार फिर से गुरुवार उनके लेटेस्ट लुक के साथ स्पॉट किया गया है। इस दौरान उनका ड्रेसिंग सेंस देखकर फिर से लोगों का सिर घूम गया है। वीडियो में आप देख सकत हैं कि उर्फी पर्पल कलर की ब्रालेट टॉप के साथ ट्रांसपैरेंट पॉलीथिन से बना पैंट पहने नजर आ रही हैं। उर्फी ने इस ड्रेस के साथ हाई हील्स पहना हुआ है। इस ड्रेस के साथ उन्होंने अपने बालों को ओपन हेयरस्टाइल दिया हैं। इस ड्रेस को पहन कर उर्फी होटल की लॉबी में पोज देती देखी गईं। वहीं वह पैपराजी से कहती हैं कि अच्छी लग रही हूं मैं। उर्फी जावेद का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर फैंस के लगातार कमेंट्स आ रहे हैं। इस पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, ’क्या होटल में इस तरह के कपड़े की अनुमति ह’ एक यूजर ने कहा, ’मॉनसून अलर्ट।’ तो एक अन्य यूजर लिखता है, ’प्लीज इसे रोको कोई।’ एक ने कहा, ’रेनकोट पहनकर चली आई।’ किया था। वीडियो में आप देख सकते हैं कि उर्फी ने एक सफेद संग की शर्ट पहनी हुई है और वह पूरी तरह ब्रालेस नजरे आ रही है। इस शर्ट के साथ उर्फी ने नीचे कुछ नहीं पहना है। साथ ही उन्होंने अपने बलों में एक बड़ा सा बन बनाया हुआ है। वहीं शर्ट के फ्रंट के ऊपर



इस तरह के कई और फैंस कमेंट कर उन्हें ट्रोल करते दिख रहे हैं। आपको बता दें कि इससे पहले उर्फी का एक और वीडियो चर्चा में आया था। इस वीडिये को उर्फी जावेद ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर के कई सारे बटन ओपन है। शर्ट के साथ उर्फी ने भले ही पैंट न पहनी हो लेकिन उन्होंने गले में एक हैवी नेक पीस पहना हुआ है। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर काफी देखा गया था।

# शादी खबरों के बीच अथिया शेट्टी और केएल राहुल ने किराए पर लिया लग्जरी अपार्टमेंट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी की तरह ही उनकी बेटी अथिया शेट्टी भी हमेशा ही चर्चा में रहती हैं। अथिया अबतक कई फिल्मों में भी काम कर चुकी में बताया है कि अथिया और राहुल बांद्रा के कार्टर रोड के एक अपार्टमेंट में मूव करने वाले हैं। ये एक आलीशान अपार्टमेंट जो कि सी-फेसिंग हैं।



हैं। वहीं अथिया बीते लंबे समय से अपनी लव लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में हैं। उनका नाम काफी वक्त से क्रिकेटर केएल राहुल के साथ जुड़ रहा है। अथिया शेट्टी और केएल राहुल को अक्सर साथ में देखा जाता है। ऐसे में मीडिया में इस तरह की खबरें हैं कि यह दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यही नहीं अब केएल राहुल और अथिया की शादी के चर्चे जोर-शोर से बॉलीवुड के गलियारों में हो रहे हैं। वहीं अब शादी की खबरों के बीच लेटेस्ट रिपोर्ट की मानें तो कपल ने मुंबई में घर किराए पर ले लिया है। अथिया शेट्टी ने केएल राहुल के 30वें जन्मदिन पर अपने प्यार का इजहार किया था। इसी के बाद से ही उनकी डेटिंग की खबरें जोरों पर होने लगीं थीं। वहीं हाल ही में उनकी शादी की न्यूज भी चर्चा में रही। अब पिंकविला ने अपनी रिपोर्ट

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक



# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?

**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।







स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक

प्रयागराज

प्रयागराज

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह








एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।








आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रस्तावित व्यवसायों में अगस्त 2021में प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्युनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रकिया :– इस प्रकिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रकिया :– इस प्रकिया में प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय में सम्पर्क करे।

नोट-ः प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुल्सीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274